अनुक्रमणिका

समर्पण

जिनके भोलेभाले मुखों पर कमल की सी
कोमलता झलका करती है,
जिनके हृदय-मन्दिर परमात्मा के पावन
भावों से भरे हुए हैं,
जिनके मुखारविन्द से सदा सरसता ही
सरलता चुआ करती है,
जिनके निश्छल बर्त्ताव और कोमलालाप
से मुझे अधिक आनन्द मिलता है,
लीलामय के अवतार, अपने उन्हीं प्यारे
बच्चों के नन्हे नन्हे हाथों में,
इस 'बाल-रामायण' को
समर्पण करता हूँ।

रामजीलाल शर्म्मा

धन्यवाद

सर्वशक्तिमान् परमात्मा को धन्यवाद देने के पश्चात्, हम, हिन्दी भाषा के परम सहायक, इंडियन प्रेस के स्वामी श्रीमान् बाबू चिन्तामणि घोष, को भी धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकते।

उक्त प्रशंसनीय बाबू साहब को हम ही क्या, आज हिन्दी-साहित्य के प्रायः सब ही प्रेमी-जन मुक्तकण्ठ से धन्यवाद दे रहे हैं।

सचित्र "रामचरितमानस" का अद्वितीय और मनोरम संस्करण और सुलेखालङ्कारों से विभूषित और मनोहर चित्रादि से सुसज्जित "सरस्वती" मासिक पत्रिका का प्रकाशन आदि काम, जो आज हिन्दी-साहित्य की अपूर्व शोभा बढ़ा रहे हैं सब आपके ही महोद्योग का फल हैं।

आशा है, हिन्दी-पाठक आपके प्रकाशित ग्रन्थों को सादर ग्रहण करके आपके उत्साह को और भी अधिक बढ़ावेंगे।

रामजीलाल शर्म्मा

प्रथमावृत्ति की भूमिका

स परिवर्त्तन शील संसार में (सृष्टि के आरम्भ से आज तक) असंख्य प्राणी जन्मे और मरे। परन्तु जितना नाम भारतवर्षीय इक्ष्वाकु-कुल में रघुकुल दीपक महाराजा दशरथ के पुत्रों (राम, लक्ष्मण भरत, शत्रुघ्न) का हुआ उतना आज तक और किसी का नहीं हुआ। जिस प्रकार समस्त पुरुषों में धर्माचरण के लिए, रामादि भ्रातृ चतुष्टय विख्यात हैं उसी प्रकार पतिव्रता स्त्रियों में जनक-नन्दिनी श्रीसीताजी का नाम है। सच पूछिए तो जैसा धर्ममय और शिक्षाजनक चरित इन पाँचों का है वैसा संसार भर में और किसी का है ही नहीं। इसी से इनको मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहते हैं।

इनके चरित में मातृधर्म, पितृधर्म भ्रातृधर्म, स्त्रीधर्म राजधर्म, आपद्धर्म, मित्रधर्म और युद्धधर्म आदि समस्त धर्मों के प्रत्यक्ष और अनुपम उदाहरण भरे हुये हैं। बाल रामायण के पढ़ने से इन सब प्रकार के धर्मों का ज्ञान हो जाता है।

इन महात्माओं के जीवन-चरित को, आदि कवि श्रीवाल्मीकि मुनिजी ने, संस्कृत की मनोहर कविता में और श्रीरामचन्द्रजी के अनन्यभक्त गोस्वामी तुलसीदासजी ने हिन्दी-भाषा की मनोरम कविता में, लिखा है। वास्तव में पूर्वोक्त दोनों कवियों ने इन अपूर्व ग्रन्थों का निर्माण कर संसार का बहुत बड़ा उपकार किया है।

परन्तु, जो बालक, वाल्मीकीय रामायण और राम चरितमानस को नहीं समझ सकते वे इस जीवन-चरित की पवित्र शिक्षा और इसके अमूल्य सदुपदेश से वञ्चित रह जाते हैं। इसलिए हमने उनके ाभ के लिए सरल हिन्दी-भाषा संक्षिप्त रामचरि लिखा है, जिसका नाम "बालरामायण" रक्खा है

आशा है, हमारे रामचन्द्र के प्रेमी, भारतवासी भ्राता अपनी सन्तान को इसके पढ़ने की प्रेरणा करेंगे और उनके जीवन को आदर्श बनाकर पुण्य और यश के भागी होंगे।

रामजीलाल शर्म्मा

द्वितीयावृत्ति की भूमिका

हमें यह देख कर बड़ा आनन्द हुआ, कि हमारी 'बालरामायण' पुस्तक की प्रथमावृत्ति की एक हज़ार कापियाँ, कोई एक ही साल में, सब बिक गईं। इससे हमें दो बातों का अनुभव हुआ। प्रथम तो यह कि इस पुस्तक की सरल लेखन प्रणाली हिन्दी पाठकों को पसन्द आई। दूसरी यह कि भारतवासियों की रुचि, अब, अपनी मातृभाषा हिन्दी के पुस्तकों की पठनपाठन की ओर विशेष खिंचने लगी है। अपनी मातृभाषा हिन्दी का विशेष आदर होते देख कर, हमीं को नहीं, सभी हिन्दी भाषा-भाषियों को अधिक आनन्द होगा।

इस दूसरी आवृत्ति में हमने जहाँ तहाँ उचित संशोधन भी कर दिया है। कई जगह हमने कुछ घटाया बढ़ाया भी है। आशा है, हिन्दीपाठक इसे और भी अधिक पसन्द करेंगे।

रामजीलाल

तृतीयावृत्ति की भूमिका

हमें यह प्रकाशित करते अत्यन्त हर्ष होता है कि बालरामायण की द्वितीयावृत्ति प्रथमावृत्ति से भी जल्द बिक गई।

यह देखकर हमें और भी अधिक हर्ष हुआ है कि गवर्नमेंट ने हमारी 'बालरामायण' सिविलसर्विस परीक्षार्थियों के पढ़ने के लिए नियत करदी है, यही नहीं, विहार प्रान्त की टेक्स्टबुककमेटी ने भी हमारी पुस्तक हाई इँगलिश स्कूल में जारी कर दी है। इसके सिवा सर्व साधारण हिन्दी भाषा-भाषियों ने भी उक्त पुस्तक का जैसा कुछ आदर किया है उसके लिए हम उन महाशयों के परम कृतज्ञ हैं।

इस तृतीयावृत्ति में भी हमने जहाँ तहाँ कुछ संशोधन किये हैं। आशा है, पाठक इस पुस्तक के प्रचार करने में पहले से भी अधिक प्रयत्न करेंगे।

विनीत,
रामजीलाल शर्म्मा

बालरामायण

बाल-काण्ड

इस काण्ड में—राजा दशरथ का पुत्रार्थ यज्ञ करना, रामादि चारों भ्राताओं का जन्मोत्सव, विश्वामित्र के यज्ञ-रक्षार्थ राम-लक्ष्मण का तपोवन को जाना, ताड़का-वध, सुबाहु-वध, धनुष का तोड़ना, विवाहोत्सव, इत्यादि बातों का वर्णन है।

अवध देश में सरयू नाम की एक नदी है। पहले उसके किनारे पर अयोध्या नाम की एक बहुत बड़ी और खूबसूरत नगरी थी। अयोध्या है तो वहाँ अब भी, परन्तु अब (कलियुग में) वह उतनी बड़ी नहीं है। जब की बात हम कह रहे हैं तब त्रेता-युग था। तब

गुरु-गृह गये पढ़न रघुराई ।
अलप काल विद्या सब आई ॥
विद्या-विनय-निपुणगुणशीला ।
खेलहिँ खेल सकल नृपलीला ॥
करतलबाण धनुष अतिसोहा ।
देखत रूप चराचर मोहा ॥
बन्धु सखा सब लेहिँ बुलाई ।
बन मृगया नित खेलहिँ जाई ॥
अनुजसखा सँग भोजन करहीं ।
मातु पिता आज्ञा अनुसरहीं ॥
वेद पुराण सुनहि मन लाई ।
आपुकहहिँ अनुजहिँ समुझाई ॥
प्रातकाल उठि कै सब भ्राता ।
मातु पिता गुरुनावहिँ माथा ॥
आयसु माँग करहिँ पुरकाजा ।
देखि चरित हर्षहिँ मन राजा ॥

अब आगे की कथा सुनिए । विश्वामित्र नाम के एक बड़े ज्ञानी मुनि वन में रहा करते थे । एक दिन महाराजा दशरथ अपनी सभा में बैठे हुए थे कि विश्वामि[illegible] वहाँ आ पहुँचे । महाराज ने उठकर उनकी बड़ी [illegible] की । झुक कर उनको प्रणाम किया । फिर उनके [illegible] धोकर, उनको एक अच्छे आसन पर बिठलाया । उ[illegible] अच्छी तरह खिला पिला कर दशरथ ने हाथ जोड़ कर पूछा— महाराज, आप अपने आने का कारण कहिए ?

विश्वामित्र ने कहा कि मैं वन में रहता हूँ। वहीं मैं भगवान् का भजन किया करता हूँ। पर, उसी जङ्गल में दो राक्षस भी रहते हैं। मैं जब यज्ञ करता हूँ तब वे दोनों आकर मेरा यज्ञ बिगाड़ देते हैं। एक राक्षस का नाम मारीच है, दूसरे का सुबाहु। दोनों बड़े बलवान् हैं। वे रावण के नौकर हैं। हम लोगों से डरते ही नहीं। राम हमारे साथ चले गे तो वे उन दोनों को मार डाले गे। आप कुँअर जी को हमारे साथ कर दीजिए। कोई डर की बात नहीं है।

मुनि की बाते सुनते ही दशरथ का कलेजा काँप उठा। उन्होंने सोचा था कि मुनि कुछ रुपया पैसा ही माँगेंगे। राम ही को माँग बैठे गे, यह बात राजा के ध्यान में ज़रा भी न थी। वे घबरा कर हाथ जोड़ कर कहने लगे—मुनिजी, मैं आप के पैरों को छूता हूँ। आप मेरे राम का छोड़ दीजिए। राम अभी लड़का है। वह भला बड़ बड़े राक्षसों से कैसे लड़ेगा? महाराज, क्षमा कीजिए। उन राक्षसों के मारने को मैं आपके साथ अपनी बहुतसी सेना भेजे देता हू, पर आप राम को न माँगिए।

माँगहु भूमि धेनु धन कोसा।
सर्वस देउँ आज सह रोसा।

राजा की घबराहट देखकर मुनि हँसने लगे। क्यों हँसे सो भला राजा क्या समझते। समझा सिर्फ़ राजा के गुरु वशिष्ठ जी ने। वे जानते थे कि राम कोई ऐसे वैसे

आदमियों की तरह लड़के नहीं हैं। वे रामचन्द्र जी के पुरुषार्थ को जानते थे। इससे वशिष्ठजी ने दशरथ को समझा कर कहा—महाराज, आप कुछ सोच न कीजिए। विश्वामित्रजी के साथ राम को जाने दीजिए। कोई डर की बात नहीं है।

राजा दशरथ बेचारे क्या करें। आखिर को उन्होंने राम को बुला कर उनको मुनि के साथ जाने की आज्ञा दे दी। राम चले तो लक्ष्मण भी उनके साथ हो लिये। विश्वामित्र प्रसन्न हो, राम लक्ष्मण को साथ लेकर, वन में अपने आश्रम की ओर चल दिये। राह में जाते समय विश्वामित्र ने दोनों राजकुमारों को तीर चलाने की दो बहुत अच्छी विद्यायें सिखला दीं।

इसके बाद वे लोग एक बहुत घने जङ्गल के भीतर आये। उस जङ्गल में ताड़का नाम की एक राक्षसी रहती थी। उसके शरीर में बड़ा बल था। वह हाथियों तक को पकड़ कर पछाड़ देती थी। पहले वहाँ पर बहुत अच्छा गाँव था। बहुत लोग वहाँ रहते थे। मगर ताड़का सब आदमियों को पकड़ पकड़ कर खा गई। इसी से वहाँ पर इतना भारी जङ्गल हो गया था। उस जङ्गल में होकर आदमी नहीं जा सकते थे। क्योंकि उनके जाते ही ताड़का उनको पकड़ कर हड़प जाती थी।

विश्वामित्र ने राम से कहा कि इस राक्षसी को मारना चाहिए।

तब राम ने अपने धनुष का चिल्ला खींच कर खूब ज़ोर से टंकार दी। चिल्ले से टङ् करके एक बड़ी भारी आवाज़ निकली। उस टंकार को सुन कर जंगल के सब जानवर चौंक पड़े।

टंकार को सुन कर ताड़का भी पहले तो चौंक पड़ी। मगर जब पास ही आदमियों के देह की सुगन्ध पाई-तब वह झट निकल आई। राम-लक्ष्मण को देखते ही दोनों हाथ फैला कर, मुँह फाड़ कर, वह उनको खाने के लिए दौड़ी। तब राम ने ऐसे बाण मारे कि ताड़का के दोनो कान कट गये। लक्ष्मण के तीर से उसकी नाक कट गई। तब तो वह न मालुम कहाँ भाग कर छिप गई और छिप कर ही दोनो भाइयों पर बड़े बड़े पत्थर फेंक फेंक कर मारने लगी। पर वह कहाँ से मारती थी यह न देख पड़ा। तब तो जिधर से ताड़का की आवाज़ पाते, राम लक्ष्मण उधर ही तीर चलाते। यह तीर, वह तीर, तीरों पर तीर, मारे तीरों के दोनो भाइयों ने ताड़का का नाक में दम कर दिया। ताड़का ने कभी इतने तीर न खाये थे। इन तीरों की बौछार के सामने भला वह छिप कर कब तक रह सकती थी। तीरों से घायल होकर वह घबरा उठी। अब फिर सामने न आती तो क्या करती? उसका फिर सामने आना था कि राम के एक तीर ने उसका काम तमाम कर दिया। वह धड़ाम से धरती पर गिर कर मर गई।

दोनों राजकुमारों की बहादुरी देखकर विश्वामित्रजी

बहुत खुश हुए। उन्होंने दोनों भाइयों को और भी अच्छे अच्छे कई हथियार दिये। वे हथियार ऐसे थे कि फेंककर मारने से कोई उनको रोक नहीं सकता था और वे मार कर फिर लौट आते थे। ऐसे हथियार "अस्त्र" कहलाते थे।

तब, कुछ दिनों बाद, वे लोग विश्वामित्र मुनि के तपोवन में आ पहुँचे। वहाँ पहुँच कर विश्वामित्र दूसरे मुनियों को साथ लेकर यज्ञ करने लगे और राम लक्ष्मण राक्षसों को मार भगाने के लिए जंगल में घूम घूम कर चौकसी करने लगे। जब मुनियों के यज्ञ का धुआँ देखा तब वे दोनों राक्षस फिर आ पहुँचे। पर अब, राम को उनके भगा देने में कुछ तकलीफ़ न हुई। सुबाहु तो तीर खा कर वहीं ढेर हो गया, और मारीच को राम ने एक ऐसा तीर मारा कि वह बहुत दूर जा गिरा।

यह देख कर मुनि लोग खूब खुश हुए और राम की बड़ाई करने लगे।

अब मुनि लोग बड़े चैन से निडर होकर रहने लगे। राम-लक्ष्मण भी कुछ दिनों तक उन्हींके पास रहे। एक दिन कई मुनियों ने आकर कहा, चलिए हम लोग मिथिला को चलें। वहाँ के राजा जनक एक यज्ञ करने वाले हैं। चले चल कर देखना चाहिए। राम-लक्ष्मण भी सब के साथ मिथिला को चले।

अब जरा मिथिला का भी हाल सुन लीजिए। मिथिला

के राजा जनक बड़े नामी थे। वे थे तो राजा, पर ज्ञानी भी पूरे थे। बड़े बड़े ऋषि मुनि भी उनसे ज्ञान सीखने आया करते थे। वे अपनी प्रजा की रक्षा बड़ी सावधानी से करते थे। उनके एक कन्या थी। उसका नाम उन्होंने सीता रक्खा था।

जब सीता बड़ी हुई तब उनका ब्याह करने को राजा ने स्वयंवर करने के लिए एक सभा रची। और, उसका समाचार देश विदेश के सब राजाओं के पास भिजवा दिया। राम-लक्ष्मण भी विश्वामित्र मुनि के साथ वहाँ आ पहुँचे।

जब राम-लक्ष्मण मिथिलापुरी में पहुँचे तब उनको देख देखकर सब लोग कहने लगे—भाई, ये दोनो लड़के कौन हैं? देखने में तो ये क्षत्रिय से मालूम पड़ते हैं, पर कपड़े मुनियों के बालकों की तरह पहने हुए हैं। और जब उनको मालूम हुआ कि दोनो अयोध्या के महाराज दशरथ के लड़के हैं, तब सबके सब बहुत खुश हुए। सब लोग अपने मन ही मन कहने लगे कि यह साँवले कुमार (श्रीरामचन्द्रजी) तो सीता के लायक हैं।

देखि राम छबि कोउ इक कहई।
योग्य जानकी यह वर अहई॥

राजा जनक के घर एक बहुत पुराना धनुष रक्खा था। वह बड़ा भारी था। कोई उसको पकड़ कर नहीं उठा सकता था। राजा जनक ने कहा, जो कोई इस

धनुष को उठा लेगा, और इसमें जेह चढ़ा देगा, मैं उसी के साथ सीता का ब्याह कर दूँगा।

मगर यह कब हो सकता था कि बिना धनुष के उठाये राजा जनक, श्रीरामचन्द्र के साथ सीता का विवाह कर देंगे। और यह भी हर एक को कैसे विश्वास हो सकता था कि राम सरीखे छोटे लड़के से महादेवजी का धनुष उठाया जा सकेगा।

> कोउ कह शङ्कर-चाप कठोरा।
> ये श्यामल मृदु-गात किशोरा॥

सब लोग इसी तरह श्रीरामचन्द्रजी की सुन्दर सूरत देख देख कर मन ही मन पछताते थे कि ऐसे अच्छे लड़के के साथ सीता का ब्याह न हुआ! मगर वे यह तो जानते ही थे कि राम छोटे से हैं तो क्या हुआ, उनकी बराबरी दूसरे आदमियों से नहीं हो सकती।

इधर कितने ही आदमी मिल कर बहुत भारी ज़ोर लगा कर, धनुष को राज सभा में ले आये। यहाँ पर आये हुए बहादुर लोग अपना अपना ज़ोर लगाने लगे। मगर उस भारी धनुष को कोई न उठा सका। एक एक राजा आते और उसको थाम कर ज़ोर लगाते, पर वह पुराना धनुष टस से मस भी न होता। जब सब राजा बहादुर लजा लजा कर अपनी अपनी जगह पर जा बैठे तब जनक ने दुखी होकर कहा—मैंने जान लिया कि दुनिया में अब कोई वीर है ही नहीं? क्या करूँ। मैंने ये समझे बूझे ऐसा

प्रण ठान लिया। जो मैं पहले ऐसा जानता तो कभी ऐसा कड़ा प्रण न ठानता। खैर, सीता क्वारी ही रह जायगी। आप लोग सब अपने अपने घर जाइए।

रहा चढ़ाउब तोरब भाई।
तिल भर भूमि न सकेउ छुड़ाई ॥
अब जनि कोउ माखै भट-मानी।
वीर-विहीन मही मैं जानी ॥
तजहु आस निज निज गृह जाहू।
लिखा न विधि वैदेहि विवाहू ॥
सुकृत जाय जो प्रण परिहरऊँ।
कुँवरि कुमारि रहै का करऊँ ॥
जो जनत्यउँ बिनु भट महि भाई।
तौ प्रण करि करतेउँ न हँसाई ॥

राजा जनक की ये बातें सुनते ही लक्ष्मणजी के बदन में मानो आग सी लग गई। मारे गुस्से के उनका बदन थर थर काँपने लगा। लक्ष्मणजी ने उठकर कहा—जनकजी महाराज! आपको अभी यह खबर नहीं है कि यहाँ सूर्यवंशी राजकुमार बैठे हैं। भैया जी मुझे हुक्म दें तो तुम्हारे पुराने धनुष का मैं मूली की तरह तोड़ डालूँ।

लक्ष्मणजी को बड़ा भारी गुस्सा चढ़ आया था। वह इतने ज़ोर से बोले कि सभा के सब लोग सुनते ही सन्ना गये। तब श्रीरामचन्द्रजी ने लक्ष्मणजी की पीठ पर हाथ फेर कर कहा, भाई खफ़ा न हो, आओ हमारे पास बैठ

आओ। लक्ष्मणजी ने कहा वाह! देखिए, जनकजी ने हम लोगों की कैसी बेइज्जती कर डाली। वे समझते हैं कि सूर्यवंशवाले भी बहादुर नहीं होते। उन्होंने दुनिया भर को, "वीर-विहीन" समझ लिया है।

लक्ष्मणजी को जनक की बातें सुनकर गुस्सा तो आया, पर वे अपने बड़े भाई की आज्ञा कभी नहीं टालते थे। गुस्से से थर थर काँपते हुए भाई के पास बैठ गये। तब विश्वामित्रजी ने अच्छा मौक़ा देख कर राम से कहा, बेटा! उठो, अब तुम धनुष को उठा कर जनकजी का दुख दूर करो।

जिस समय रामचन्द्रजी धनुष उठाने के लिए चले उस समय सीताजी, जो अपनी सहेलियों के बीच में एक ओर को हाथ में जयमाला लिये खड़ी थीं, इनकी मोहिनी मूरत को देख कर मन ही मन ईश्वर से कहने लगीं कि हे परमात्मा! आप इस भारी धनुष को हलका कर दीजिए, जिससे ये उठा सकें।

श्रीरामचन्द्रजी ने धीरे धीरे धनुष के पास जा कर उसे बड़ी आसानी से उठा लिया। वह धनुष उनको ज़रा भी भारी न जान पड़ा। उसे उठाकर उन्होंने झट झुकाया और उसमें चिल्ला भी चढ़ा दिया। फिर एक हाथ से धनुष को थाम कर दूसरे हाथ से उसके चिल्ले को खींचना था कि वह तड़क कर दो टुकड़े हो गया। उसके टूटने की ऐसी भारी आवाज़ हुई कि राम, लक्ष्मण और

बिश्वामित्र को छोड़, जनक समेत सब राजे बाजे, जितने वहाँ पर मौजूद थे, सबके सब, सहम गये। तब सबों ने कहा ओः हो! राम में कितनी ताकत है!

राजा जनक की खुशी का अब क्या कहना था! उन्होंने झट सीता को बुलवाया। सीताजी, सखियों के साथ, हाथ में फूलों की माला लेकर वहाँ आई और उन्होंने उसे राम के गले में पहना दिया।

बाजे बजने लगे। चारों ओर लोग श्रीरामचन्द्रजी की जयजयकार करने लगे। अब जनक की सभा में खुशी का ठिकाना न रहा।

पर यह खुशी बहुत देर तक न ठहर सकी। एकाएक चारों तरफ़ से सन्नाटा छा गया। न मालूम कहाँ से किसी के बड़े ज़ोर से गर्जने की आवाज़ आने लगी। उस आवाज़ को सुन कर सब लोग घबरा गये। किसी के मुँह से बात तक न निकली। सब लोग सोचने लगे कि यह क्या बला है?

देखते ही देखते परशुरामजी वहाँ आ पहुँचे। उनका शरीर क्या था, मानो आग से जलता हुआ एक पहाड़ था। हाथ में एक बड़ा भारी धनुष था और कंधे पर एक बहुत बड़ा फरसा उस फरसे से जिसको मारते, वह तुरन्त टुकड़े टुकड़े हो जाता। क्षत्रियों ने परशुराम के बाप को मारा था। इसी से वे क्षत्रियों को देखते ही फरसे से मार डालते थे। इसी तरह, एक दफे नहीं—

इक्कीस दफे—ढूँढ ढूँढ कर—उन्होंने अपने फरसे से क्षत्रियों का शिकार किया था।

जब और क्षत्रिय न मिले, तब कुछ दिनों से उनका गुस्सा कुछ बुझ सा गया था और वे चुपचाप एक बन में रहते थे। मगर आज श्रीरामचन्द्रजी की बहादुरी देख कर इनके गुस्से की आग फिर धधक उठी। वे आतेही राम से कहने लगे, क्यों रे छोकरे! तूने ही धनुष तोड़ा है? तूने अपने को बहुत बड़ा वीर समझा होगा। आज तेरी बहादुरी देखूँगा।

यह सुन श्रीरामचन्द्रजी ने तो कुछ जवाब न दिया, मगर लक्ष्मणजी से न रहा गया। वे परशुराम की बातों पर हँस पड़े। उनका हँसना था कि परशुराम के गुस्से की आग और भी ज़ोर से धधकने लगी। फरसा उठा कर बोले—रे छोकरे, तू क्यों हँसता है?

लक्ष्मणजी ने फिर हँस कर कहा—फरसाराम जी! अपने फरसे को इतना ऊँचा न उठाइए। आप ब्राह्मण हैं तो ठंढे होकर बोलिए। मैं आपके चरणों को छूता हूँ। और, जो फरसा कुल्हाड़ी दिखाओगे तो बस हम भी क्षत्रिय के बालक हैं। तुम सरीखे हमने बहुत से ख़त्म किये हैं।

अब क्या था, परशुराम तो मारे गुस्से के जल भुन गये। चाहते ही थे कि लक्ष्मण पर एक हाथ मारें कि झट हाथ जोड़ कर श्रीरामचन्द्रजी उनके सामने आ खड़े

हुए और बोले—महाराज, आपको जो कुछ कहना हो मुझसे कहिए। यह तो अभी नादान लड़का है।

परशुराम ने झुँझला कर कहा—हाँ, हाँ, यह सब तेरी ही करतूत है। बड़ा बहादुर बन बैठा है? जनक का धनुष तोड़ डाला है न! हूँ! अच्छा, मेरे इस धनुष पर चिल्ला चढ़ा सके तो मैं तेरे साथ लड़ाई करूँगा देख, मेरा धनुष जनकवाले धनुष से भी बड़ा है।

इतना सुनते ही लछमणजी ने परशुरामजी को एक और चुभती सी सुना डाली। उन्होंने कहा—बस, रहने दीजिए, महाराज! आपका धनुष धनुष सब देख लिया। जिसकी आप बड़ाई करते हैं वह तो पुराना धनुष था। जो हमारे भाई साहेब के हाथ लगाते ही झट फूस की तरह टूट कर गिर पड़ा। यह भी उसी तरह का है तो इसे भी क्या आप तुड़वाना चाहते हैं?

अब तो परशुराम के क्रोध का कुछ ठिकाना न रहा। वह लछमणजी की जली कटी बातें सुनकर बलबला उठे। उन्होंने कहा—रे छोकरे! तू छोटे से मुँह से क्यों बड़ी बड़ी बातें बनाता है। मालूम होता है, तेरा काल तेरे सिर पर नाच रहा है। मैं तुझे बालक समझ कर नहीं मारता, नहीं तो अब तक तुझे कभी का यमपुर भेज देता।

लछमण क्या कोई कम थे? उन्होंने भी तड़क कर कहा कि जाओ महाराज, मैं भी तुमको ब्राह्मण जान कर छोड़ देता हूँ। और कोई होता तो अब तक उसका कभी का काम तमाम कर डालता।

था वह खूब ही प्रसन्न होता था। सारी अयोध्या में बाजे बजने लगे, घर घर आनन्द-मङ्गल होने लगा, सब लोग अपने अपने घर और दूकानों को सजाने लगे। जब राज महलों में यह समाचार पहुँचा तब सब रानियाँ बड़ी खुश हुईं। परन्तु कैकयी की दासी मन्थरा ने जब राम के राजा होने का समाचार सुना तब उसको बड़ा दुःख हुआ। यह बड़ी देख-जलनी थी। यह खबर सुनतेही उसका मुँह फीका पड़ गया और झटपट दौड़ती हुई कैकयी के पास गई और आकर कहने लगी कि देख, तुझे कुछ खबर भी है। तू तो अपने रूप के घमण्ड में बैठी है, पर अब तुझ पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। अब तेरा सब आदर चल बसा। अब तेरे हिस्से में दरिद्रता आ गई। राजा तेरे सौतेले बेटे रामचन्द्र को राजा बनाते हैं। देख, तुझसे सलाह तक भी नहीं ली। इसीलिए भरत को पहले ही से उसके मामा के यहाँ पहुँचा दिया। अब मालूम पड़ा कि राजा तुमसे बनावटी प्यार करते हैं। जो तू अपना और अपने बेटे का भला चाहती है तो जल्दी कर। अब एक ही रात बाकी है। कल तो राजतिलक हो ही जायगा। राजतिलक हो जाने पर फिर सिवा पछताने के और कुछ हाथ न लगेगा। देख, राजा प तेरे दो वरदान जमा हैं, उनको अब माँग ले। पहले वर से राम को १४ वर्ष का बनवास और दूसरे से भरत को राजगद्दी।

मन्थरा की ऐसी प्यार की बातें सुन कर कैकयी ने मन्थरा की खूब बड़ाई की और तुरन्त गहने कपड़े फेंक,

मैला वेष बना कर, गुस्से में भर कर पड़ रही। जब रात को राजा दशरथ महलों में आये तब रानी केकयी को अपनी जगह न पाया, देखें तो अलग एक कोने में मैले कपड़े पहने हुए धरती पर लोट रही है। राजा ने उसके पास आकर उसको झाड़ पोंछ कर सावधान करा कर उससे पूछा कि क्या बात है ? आज तो बड़ी खुशी का दिन है। आज तुम यहाँ मन मैला किये क्यों पड़ी हो ? कहो ? तो, जो तुम कहोगी वही होगा। राजा के बहुत देर तक समझाने बुझाने पर रानी केकयी ने कहा कि आप सत्य वादी हैं, कभी झूठ नहीं बोलते और आप हमको दो वर भी दे चुके हैं। पिछली बात विचारिए, उन्हें याद कीजिए और वे बातें आज पूरी कीजिए। हम कोई नया वर तो माँगती ही नहीं। जो आप हमारे वर पूरे न करेंगे तो हम यहीं मर जायँगी। सुनिए, पहले वर से भरत को राज गद्दी और दूसरे से राम को १४ वर्ष का बनवास। और राम तुरन्त बन को चले जायँ।

राजा यह सुनते ही थरथराने लगे। उनके होठ फड़ फड़ाने लगे। शोक से आँखों के सामने अँधेरा हो आया। मूर्च्छा खा कर अचेत हो गिर पड़े। बहुत देर पीछे जब मूर्च्छा जागी तब केकयी को समझाने लगे। यहाँ तक कि सारी रात समझाने ही में बीत गई, पर रानी टस से मस नहीं हुई। अन्त में जब रानी समझाने से नहीं समझी तब धर्म की फाँसी से जकड़े हुए राजा ने उसके वर पूरे किये और जी कड़ा करके कह दिया कि तू नहीं मानती है तो

जो तेरी इच्छा में आवे सो ही कर। बात यह थी कि राजा सत्यवादी थे। उन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणप्यारे पुत्र को वन भेजना मंजूर किया। राजा इतना कहते ही फिर बेहोश होकर धरती पर धड़ाम से गिर पड़े। इतने में रात बीत गई, दिन निकल आया।

आज सारी नगरी में चारों ओर खुशी ही खुशी मनाई जा रही है। राम भी प्रात उठकर स्नान, सन्ध्या कर्म करके रेशमी वस्त्र पहन कर राजतिलक के लिए तैयार हैं, उधर जनकनन्दिनी भी मगन हो रही हैं कि आज हम महारानी कहलाकर, देश में कीर्ति पावेंगी। माता कौशल्या भी फूली नहीं समाती और परमात्मा को धन्य वाद दे रही हैं कि आज हमारा पुत्र आपकी कृपा से राज गद्दी पावेगा। लछमन अलग ही फूले अंग नहीं समाते। मन में मगन हैं कि बड़े भाई की सेवा कर सुख से दिन बितावेंगे। पर यह कोई नहीं जानता कि इन आशाओं के बदले रोना पड़ेगा। दिन निकलते ही सुख के बदले दुख का सामना होगा। राजगद्दी की जगह धरती पर सोना होगा। रेशमी वस्त्रों के बदले पेड़ों की छाल पहनने को मिलेगी। इस समय मगन हैं, सवेरे ही रोते होंगे। सवारियों के बदले ऊँची नीची धरती पर पाँव पाँव चलना होगा। पाठको! सच है, यहाँ की खुशी पर फूलना न चाहिए। अब थोड़ी दर में देखना, इनकी क्या दशा होगी।

दिन चढ़ा देख कर, सुमन्त दीवान, राजा को बुलाने

के लिए राज-महलों में आया। यहाँ राजा को अचेत पड़े देख कर आश्चर्य्य में डूब गया। रानी केकयी ने सुमन्त से कहा कि ऐ सुमन्त! आज रामचन्द्र के राजतिलक के आनन्द में राजा रात भर जागते रहे हैं। इस कारण अब ऊँघ रहे हैं। तुम रामचन्द्र को यहाँ जल्द बुला लाओ। इतना सुन सुमन्त तुरन्त ही श्रीरामचन्द्रजी को बुला लाया। श्रीरामचन्द्रजी ने राजा को दुःखित और बेहोश पड़े देख कर रानी केकयी से पूछा कि माता हमने तो अपनी जान में कोई अपराध नहीं किया और जो भूल चूक भी कोई हो गई हो तो आप उसे क्षमा कीजिए। क्या कारण है कि पिताजी आज बोलते भी नहीं। हम से पिताजी का दुःख नहीं देखा जाता। यह सुन कर केकयी ने कहा कि ऐ राम! राजा को कुछ दुःख नहीं। न राजा किसी पर क्रुद्ध हैं। राजा के मन में एक बात आई है, पर तुम्हारे डर से कुछ कह नहीं सकते। क्योंकि तुम उनको बहुत प्यारे हो। राजा ने हमको वचन दिये थे, पर तुम्हारे डर से पूरे नहीं करते। ऐ राम! धर्मात्मा मनुष्य को अपना वचन अवश्य पूरा करना चाहिए। जो तुम राजा का वचन पूरा कर दो तो मैं तुमको उनकी आज्ञा कह सुनाऊँ।

इतनी बात सुनते ही श्रीरामचन्द्रजी कुछ लज्जित हो कर बोले कि ए माता! ऐसे संकोच से आप क्यों कहती हैं? हम राजा की आज्ञा से आग में कूदने को तैयार हैं। हम तो हलाहल विष भी पी सकते हैं और समुद्र में

भी।डूबने को तैयार हैं। चाहे जो हो, राजा जी हमसे बेधड़क होकर आज्ञा करें। हम ज़रूर आज्ञा को मानेंगे।

कैकयी ने कहा कि हमने राजा से दो वर माँगे हैं। एक से भरत को राजगद्दी और दूसरे से तुमको १४ वर्ष का बनवास। तुम्हारे प्रेम से राजा साफ़ साफ नहीं कहा चाहते और न तुमको देख सकते हैं। ऐ राम! अब तुमको चाहिए कि तुम राजा की आज्ञा का पालन करो।

इतना सुनते ही श्रीरामचन्द्र ने बड़ी प्रसन्नता से कहा कि बहुत अच्छा, भरत राजा हों, हम अभी चीर बल्कल पहन कर बन को जाते हैं। पर हमें एक संदेह है, कि जब पिताजी हमारे सभाव को जानते थे, हमारी आदतों को पहचानते थे, तब हमसे तुरन्त क्यों नहीं कह दिया। तुमने इतना बखेड़ा क्यों किया? ऐ माता! हम अवश्य पिताजी की आज्ञा का पालन करेंगे। यह हम खूब जानते हैं कि माता पिता की आज्ञा के पालन से बढ़ कर पुत्र का दूसरा धर्म कोई नहीं है। अब आप पिताजी को समझा दें कि कुछ सोच न करें और भरत के बुलाने को दूत भेज दें। हम अभी बन को जाते हैं।

धन्य है ऐसे वीर धमात्मा को कि जिसको राजगद्दी की खबर सुन कर कुछ खुशी न हुई और बनवास की आज्ञा पाकर कुछ भी दुःख न हुआ।

अब श्रीरामचन्द्रजी अपनी माता से आज्ञा माँगने के लिए अपने महल में आये और कहने लगे कि माता! अब हम रेशमी आसन पर न बैठेंगे। अब तो हमको कुशासन

ही रेशमी आसन से बढ़ कर होगा। पिताजी ने राज तो भरत को दिया है और हमारे लिए १४ वर्ष वन में बसने की आज्ञा दी है। ऐ माता! अब तो हम यहाँ भोजन भी न करेंगे। अब तो वन में कन्द, मूल, फल, खाकर चौदह वर्ष बितावेंगे।

कौशल्या को अपने प्यारे पुत्र को राज के बदले वन जाते सुन, कितना दुख हुआ होगा। उसको हम कहाँ तक लिखें। परन्तु जब यह समाचार लक्ष्मण के कानों में पहुँचा तब उन्हें राजा के ऐसे विचार पर बड़ा क्रोध आया और कौशल्या से आकर कहने लगे कि माता! कैकयी के कहने से श्रीरामचन्द्रजी का वन जाना हमें उचित नहीं मालूम होता; जो कहो कि यह तो राजा की आज्ञा है, तो ऐसे राजा का भी क्या ठिकाना, उनकी तो बुढ़ापे में बुद्धि मारी गई है। जो उनको विचार होता तो क्या वे स्त्री के वश में हो कर, निर्दोषी श्रीरामचन्द्र को, वनवास की आज्ञा देते! जो कहो कि श्रीरामचन्द्रजी में कोई दोष होगा, तो यह कभी हो ही नहीं सकता। सामने तो क्या, पीछे भी कोई वैरी से वैरी भी श्रीरामचन्द्रजी में कुछ दोष नहीं लगा सकता भला कोई धर्मात्मा पिता, ऐसे देवसमान सीधे-स्वभाव विद्वान् और सब के प्यारे बेटे को वन को निकाल सकता है? इससे मालूम होता है कि राजा की बुद्धि ठिकाने नहीं रही।

ऐ भ्राता रामचन्द्र! जब तक किसी को मालूम न हो आप हमारे साथ राज को अपने वश में कर लीजिए और

जो यह सन्देह हो कि अब राज कैसे मिलेगा ? तो इसके लिए हम तो आपकी रक्षा में धनुष लिये मौजूद ही हैं। फिर आपको रोकनेवाला कौन जन्मा है ? एक दो आदमी की तो गिनती ही क्या, जो सारी अयोध्या भी झगड़ा करेगी तो हम आज सबको मार डालेंगे। भरत के मामा नाना भी जो बैर करेंगे तो मैं आज उनको भी जीता न छोड़ूँगा। आप शान्ति छोड़िए, राज-काज में शान्ति का क्या काम। यह शान्ति तो तपसी ब्राह्मणों के लिए है। आप तो क्षत्रिय हैं। राजा ने किस बल-वीर्य पर राज कैकयी को देना चाहा है ? पहले तो आप पटरानी के पुत्र, दूसरे सब में बड़े, राज तो धर्म से आपका ही है। फिर दूसरे की चीज़ को देने वाले पिता कौन हैं ? अब किसी को सामर्थ्य नहीं कि वह हमारे सामने आपका राज भरत को द दे। ऐ माता ! हम सच कहते हैं कि हमें भाई श्रीरामचन्द्रजी प्राण से भी प्यारे हैं। हम तुमसे सौगन्ध खाकर कहते हैं कि जो श्रीरामचन्द्रजी बन में जायँगे तो हम भी उनके साथ ही जायँगे, फिर हमारा यहाँ क्या काम। देखो हम अभी तुम्हारा सब दुख दूर करेंगे और राजतिलक श्रीराम चन्द्रजी को ही दिलाकर राजा को अपनी करनी का फल चखायेंगे।

लक्ष्मण के ऐसे क्रोधक भरे और वीर-रस में पगे हुए वचन सुन कर श्रीरामचन्द्रजी कहने लगे कि भाई ! तुम्हारा विचार ठीक नहीं। यह तो हम खूब जानते हैं कि तुम्हारा हममें बहुत प्रेम है और तुममें बल-पौरुष

भी बहुत है। जो तुम कहते हो, सो कर भी सकते हो। पर तुम धर्म अधर्म को जानते हुए भी जो कहते हो सो ठीक नहीं। धर्म को जिसमें पिता की आज्ञा का पालन भी है, कभी नहीं छोड़ना चाहिए। हममें ऐसा सामर्थ्य नहीं कि पिता के वचनों को भङ्ग करें। तुम ऐसा विचार मत करो। और फिर माता से कहने लगे कि माता! अब आप हमें वन जाने की आज्ञा दीजिए।

माता कौशल्या तो चुप रहीं, पर लक्ष्मण को फिर क्रोध आ गया और बोले—भाई! आपने जो पिता की इस आज्ञा का भङ्ग करना अधर्म समझा सो ठीक नहीं है। क्या आपने अभी तक नहीं जाना कि अपने मतलब के लिए आपको बिना अपराध वनवास दिया जाता है। क्या यह कोई धर्म की बात है? हम ऐसी अन्याय की बात नहीं मानते। क्षमा कीजिए, आप पिता के वचनों से राज्य करने को उद्यत थे और अब वन जाने को तैयार हैं और इसी को धर्म मानते हैं, ऐसे धर्म को हम तो दूर से ही प्रणाम करते हैं। यह तो धोखा है, धर्म नहीं। आप इसे भी धर्म ही कहते हैं? आपके सिवा और कोई इस बात को धर्म नहीं कह सकता। और जो आप यह कहें कि ये दैव (प्रारब्ध) के वचन हैं, टल ही नहीं सकते, तो हम को ऐसे दैव पर भी भरोसा नहीं है। क्योंकि कायर पुरुष ही भाग्य पर भरोसा करते हैं। शूर-वीर नहीं करते। जो शूर वीर अपने पुरुषार्थ से दैव के बल को दबाता रहता है, भाग्य उसका कुछ भी नहीं कर

सकता । और जो आप यह कहें कि "विधि का लिखा को मेटनहारा" तो हम आप को आज दैव और पौरुष का बल दिखलावेंगे । तब आपको मालूम होगा कि भाग्य बलवान् है या पुरुषार्थ । जैसे मस्त हाथी अंकुश के लगने से झुक जाता है वैसे ही आज हम अपने बल पुरुषार्थ से दैव को झुका देंगे । हम दशरथ और केकयी की सब आशा मेट देंगे । भाई ! बुढ़ापे में तो राजा बन को आया करते हैं, न कि जवानी में । अभी तो आपको बहुत दिन राज करना है । बुढ़ापे में जब आप बन को जायँगे तब आप के पीछे आपका पुत्र राजा होगा, न कि भरत या भरत का पुत्र । आप बेखटके राज कीजिए । हम आपकी रक्षा करेंगे । जो हम ऐसा न करें तो आप हमको वीर न समझें । देखो, हमारी ये बाहें गहना नहीं हैं, लड़ने को हैं । यह धनुष केवल शृंगार ही नहीं है दुश्मनों को झिझकारने को है । ये तीर रखने को नहीं हैं वैरियों का कलेजा छेदने को हैं । यह तलवार बाँधने की ही शोभा के लिए नहीं है, शत्रुओं का सिर काटने को है । भला कोई हमारा शत्रु बनकर जीता रह सकता है ? कोई नहीं । जब वैरियों की सेना, लड़ाई में, हमारी तलवार से कट कट कर गिरेगी तब युद्धभूमि में लोहू की नदी बह निकलेगी । आज हमारे खड्ग से वैरियों के सिर लोहू टपकते हुए धरती पर गिरते दीखेंगे । आप यह न समझें कि हम कहते ही रह हैं, कर नहीं सकते नहीं नहीं, हम अकेले ही सब वैरियों की सेना को मार सकते हैं, अधिक कहने से कुछ नहीं । आप को आज

हमारे पुरुषार्थ की परीक्षा केकयी की आशा मिटाने और आपको राजा बनाने में अच्छी तरह मालूम हो जायगी।

लक्ष्मण जी के ऐसे वचन सुन कर श्रीरामचन्द्रजी ने कहा–भाई! तुम धर्म अधर्म को जान बूझ कर भी जो बात कहते हो सो ठीक नहीं है। धर्मशास्त्र की यह आज्ञा क्या तुम भूल गये कि "माता पिता की आज्ञा का पालन करना पुत्र का सबसे बड़ा धर्म है।"

जब लक्ष्मणजी को यह पूरा भरोसा हो गया कि श्रीरामचन्द्रजी ज़रूर वन को जायँगे, लाख उपाय करने पर भी किसी तरह रुक नहीं सकेंगे, तब फिर हाथ जोड़ कर बोले—

मो कहँ कहा कहब रघुनाथा।
रखिहैं भवन कि लैहैं साथा॥
* * *
बोले बचन राम नय-नागर।
शील सनेह-सरल सुखसागर॥

दोहा—

मातु पिता गुरु स्वामि सिख, शिरधरि करहि सुभाय।
लहे लाभ तिन जन्म के, न तरु जन्म जग जाय॥

अस जिय जानि सुनहु सिख भाई।
करौ मातु पितु-पद सेवकाई॥
भवन भरत रिपुसूदन नाहीं।
राउ वृद्ध मम दुख मन माहीं॥

मैं बन जाउँ तुमहिँ लै साथा।
होइहि सब विधि अवध अनाथा॥
रहहु करहु सब कर परितोषू।
न तरु तात होइहि बड़ दोषू॥
रहहु-तात अस नीति विचारी।
सुनत लषन भये व्याकुल भारी॥

दोहा—

उतर न आवत प्रेम बस, गहे चरण अकुलाइ।
नाथ दास मैं स्वामि तुम, तजहु तो कहा बसाइ॥

गुरु पितु मातु न जानौं काहू।
कहौं सुभाय नाथ पतियाहू॥
जहँ लगि जगत सनेह सगाई।
प्रीति प्रतीति निगम निज गाई॥
मोरे सबै एक तुम स्वामी।
दीनबन्धु उर अन्तरयामी॥
मन क्रम वचन चरण रत होई।
कृपासिन्धु परिहरिय कि सोई॥

अब श्रीरामचन्द्रजी ने देखा कि लक्ष्मण की हमा
पूरी भक्ति है, ये हमारा वियोग नहीं सह सकेंगे औ
समझाने से नहीं समझेंगे, तब उनसे कह दिया कि—

माँगहु विदा मातु सन जाई।
आवहु वेगि चलहु बन भाई॥

इतनी सुनते ही मगन होकर लक्ष्मणजी अपनी मात

से आज्ञा माँगने के लिए चल दिये। श्रीरामचन्द्रजी भी अपनी माता को समझा बुझा कर उनसे आज्ञा और आशीर्वाद लेकर अपने महल को अस्त्र शस्त्र लेने के लिए चले गये।

जब यह समाचार सीताजी ने सुना और अपने स्वामी को आते देखा तब विकल हो उठ कर कहने लगीं कि प्राणनाथ! जब आप ही अयोध्या को छोड़ वन को जाते हैं तब मैं यहाँ रह कर क्या करूँगी? मुझे भी अपने साथ ही लेते चलिए। मैं सब प्रकार से वन में आपकी सेवा करूँगी। मैं आपके वियोग में एक पल भी नहीं जी सकती। जिस तरह चन्द्रमा से चाँदनी अलग नहीं हो सकती, जिस तरह देह से छाया दूर नहीं हो सकती; उसी तरह मैं भी आपसे अलग नहीं रह सकूँगी। जो आप यह कहें कि वन में बड़े कष्ट उठाने पड़ेंगे तो मुझे वे सब मंज़ूर हैं। आप के चरणों का दर्शन करती हुई मुझ को वन में कुछ भी दुख न होगा, सुख ही मिलेगा। मैं तो आपके संग ही चलूँगी।

इस प्रकार सीताजी ने श्रीरामचन्द्रजी के साथ वन जाने के लिए बहुत प्रार्थना की और श्रीरामचन्द्रजी ने भी उन्हें बहुत समझाया, परन्तु वह पतिव्रता स्त्री भला कब अपने पति के वियोग में जीना पसन्द कर सकती थी! कभी नहीं। अन्त में विवश हो श्रीरामचन्द्रजी ने अपने साथ चलने की उनको भी आज्ञा दे दी।

अब रामचन्द्र सीता और लक्ष्मण वन जाने को तैयार

होकर पिता जी को प्रणाम करने के लिए चले । सारी अयोध्या में रामचन्द्रजी के वनवास की चर्चा फैल गई । हर एक नगर निवासी शोकभरी दृष्टि से राजकुमारों और राजकुमारी को देखता था । रास्ते में इतनी भीड़ हो गई थी कि किसी को निकलने की भी जगह नहीं मिलती थी । इतने में रामचन्द्र, सीता और लक्ष्मण सहित उस कोप भवन में पहुँचे जहाँ महाराज दशरथ शोक में बेहोश पड़े थे । जब राजा को कुछ होश हुआ और रामचन्द्र, सीता और लक्ष्मण को मुनियों का वेष धारण किये हुए आते देखा तब प्रेम के मारे उनकी ओर दोनों हाथ फैला कर चले, पर शोक ने उन्हें दबा लिया । बेहोश हो धरती पर धड़ाम से गिर पड़े । जब दोनों भाइयों ने राजा की यह दशा देखी तब धीरज धर मूर्छित पिता के पास पहुँचे और सब रानियाँ (कैकेयी को छोड़) हा राम ! हा राम !! कह कह रोने लगीं और बेहोश हो हो कर गिर पड़ीं । उस समय कोई भी सावधान न था जो राजा को उठाता । लाचार इन्हीं तीनों ने मिल राजा को पलँग पर डाला । अब तीनों सोच में हैं कि कोई औषध नहीं जिसे सुँघा कर होश में लायें । पानी भी नहीं जो मुँह पर छिड़कें । पखा नहीं जिससे हवा करें । अब तीनों यह देख हैरान हैं कि क्या करें । लाचार इन्हीं तीनों ने अपने कपड़ों से हवा की और कुछ देर में राजा को होश हुआ ।

अब श्रीरामचन्द्रजी अपने पिता को प्रणाम करके बोले कि पिताजी आप सबके स्वामी हैं । आपकी आज्ञा

से हम वन जाने को तैयार हैं। हमारे साथ सीता और लक्ष्मण भी वन को जाते हैं। हमने इनको बहुत समझाया, पर ये मानते ही नहीं। लाचार हम इनको भी अपने साथ ही लिये जाते हैं। हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि इनको भी हमारे साथ वन जाने की आज्ञा दीजिए।

इस प्रकार श्रीरामचन्द्रजी, सीताजी और लक्ष्मणजी अपने पिता और अपनी माताओं से आज्ञा और आशीर्वाद लेकर चलने को तैयार हुए। इतने ही में सुमन्त सारथी रथ लाकर बोला कि राजाजी की आज्ञा से यह रथ तैयार खड़ा है। आप इसमें सवार हूजिए। जहाँ आप आज्ञा करें मैं वहीं ले चलूँगा।

अब पहले जानकीजी रथ पर चढ़ीं और पीछे राम, लक्ष्मण भी अपने अपने अस्त्र शस्त्र लेकर सवार हो गये। तब सुमन्त सारथी ने घोड़े दौड़ाये। उस समय सारी अयोध्या में कोलाहल मच रहा था। जिधर देखिए उधरही राम के वनवास की चर्चा हो रही थी और सब शोक में डूब रहे थे। कोई कैकेयी के काम की बुराई करता था, कोई दशरथ की। और श्रीरामचन्द्रजी की सब लोग बड़ाई करते हुए कह रहे थे कि भाई! ऐसे धर्मात्मा बेटे हमने किसी के नहीं देखे। देखो १४ वर्ष के वनवास को खुशी से जा रहे हैं। तनिक भी मन में उदास नहीं होते। धन्य है इनको।

अब सारे नगर-निवासी लोग क्या स्त्री, क्या पुरुष, क्या बालक, क्या बूढ़े, सभी, श्रीरामचन्द्र के वियोग से

दुःखी होते हुए और धाड़ें मार मार कर रोते हुए हा राम हा राम ! कहते रथ के पीछे पीछे दौड़े हुए चले आ रहे हैं। जब रथ बहुत दूर निकल गया और उड़ती हुई धूल भी दीखनी बन्द हो गई, तब लाचार होकर सब अयोध्या को लौट आये।

अब श्रीरामचन्द्रजी, सीताजी और लक्ष्मणजी का रथ चलता चलता तमसा नदी के पार पहुँच गया और आगे फिर अच्छा रास्ता पाकर जल्द बहुत दूर निकल गया। चलते चलते गङ्गा के तीर पहुँच कर रात्रि को वहाँ एक वृक्ष की छाया में विश्राम किया। श्रीरामचन्द्रजी रथ से उतरे ही थे कि इतने में वहाँ का राजा, जो दशरथजी के अधीन था और जो जाति का गुह (भील) था, इनकी महमानी करने के लिए आया। उसने इनको अपनी नगरी में चलने के लिए बहुत कुछ कहा, परन्तु ये तो अब वनवास स्वीकार करचुके थे, इनको नगर में जाने और अच्छे पलँगों पर सोने और भाँति भाँति के भोजनों से क्या काम। श्रीरामचन्द्रजी ने राजा गुह से कह दिया कि हम आपका प्रेम देखकर बहुत प्रसन्न हुए, परन्तु अब तो हमें पिता की आज्ञा का पालन करना है। इसलिए हम यहीं जंगल में, इस वृक्ष के नीचे रात बितायगे और यहाँ जो कुछ फल मूल मिलेंगे, उनसे निर्वाह करेंगे।

मुँह धोया और फिर सीताजी ने। अब श्रीरामचन्द्रजी और सीताजी दोनों सो गये और लक्ष्मण थोड़ी दूर पर जाकर बाण चढ़ाये, वीरासन लगाये, रात्रि भर जागते रहे। राजा गुह भी लक्ष्मणजी के पास बैठ गये। और लक्ष्मणजी से कहने लगे कि राजकुमार! श्रीरामचन्द्रजी तो सो गये, अब आपके और सुमन्त के लिए पलँग, तैयार हैं। आप आराम करें, कष्ट भोगने को हम तैयार हैं। इस पर लक्ष्मणजी ने कहा कि राजन्! तुमको ऐसा ही कहना चाहिए। पर विचारिए तो सही कि भला जब हमारे बड़े भाई, जो हमारे पिता के समान हैं, वे तो जमीन पर सोवे और हम पलँग पर सोवें? भला ऐसा अधर्म कभी हम कर सकते हैं? कभी नहीं। आपने इन घोड़ों के लिए दाने घास का बन्दोबस्त कर दिया है, बस यही आपका सब कुछ है।

प्रातःकाल होने पर रामचन्द्रजी ने सुमन्त को आज्ञा दी कि तुम रथ अयोध्या को लौटा ले जाओ। पिताजी ने यहीं तक आने के लिए तुमको आज्ञा दी थी। अब हम यहाँ से पैदलही जायँगे। तुम्हारे अयोध्या पहुँचने पर माता कैकयी को भी पूरा निश्चय हो जायगा कि अब राम ठीक ठीक बन को गये। यह सुनकर सुमन्त की आँखों में आँसू भर आये और गद्गदवाणी हो गई। सुमन्त ने श्रीरामचन्द्रजी से उनके साथ बन जाने को बहुत ही प्रार्थना की, परन्तु लाचार रामचन्द्रजी के समझाने पर उसे अयोध्या को लौटना ही पड़ा।

अब सुमन्त्र तो रथ में घोड़े जोत कर अयोध्या की ओर चल दिया और श्रीरामचन्द्रजी, सीताजी और लक्ष्मण के साथ नाव में बैठ कर गंगाजी के पार हो गये। नाव से उतर कर आगे आगे लक्ष्मणजी तीर कमान लिये चल दिये, बीच में सीताजी और उनके पीछे श्रीरामचन्द्रजी चले। जो राजकुमार कभी बिना सवारी कहीं नहीं जाते थे, आज वे बिना देखे हुए रास्ते से पैदल जा रहे हैं। जो राजकुमारी बड़े ऊँचे ऊँचे गद्दों पर आराम करती थी, आज वह इस प्रकार वन में पैदल जा रही है। ईश्वर की माया जानी नहीं जाती। पल में कुछ का कुछ हो जाता है। जिस समय राम, लक्ष्मण और सीताजी तीनों मुनियों के वेष से वन को पैदल जा रहे थे, उस समय उनकी जो शोभा थी वह लिखी नहीं जा सकती।

इस तरह चलते चलते सायङ्काल हो गया और ठहर कर सबने सन्ध्या की और बात चीत करने लगे। जब सवेरा हुआ, तब वहाँ से आगे को चल दिये। रास्ते में तरह तरह के जङ्गल देखते हुए दक्षिण की दिशा को चलते चलते थोड़ा ही दिन बाक़ी रह गया। सामने प्रयाग-तीर्थराज का दर्शन होने लगा। गंगा यमुना के मिलने का शब्द सुनाई देने लगा। इस प्रकार आते आते सायङ्काल के समय भरद्वाज मुनि के आश्रम पर प्रयाग में पहुँचे। आगे चल कर देखा तो मुनिराज अपने शिष्यों समेत अग्नि में आहुति डाल रहे हैं। राम, लक्ष्मण और सीताजी ने आगे बढ़ कर भरद्वाज मुनि को प्रणाम किया

और उन्होंने वन में आने के सब कारण उनसे कह दिये। भरद्वाज मुनि ने उनको आशीर्वाद देकर उनका कुशल-समाचार पूछा और तीनों को आसन दिया, हाथ पैर धुलवाये और भाँति भाँति के कन्द मूल फल खाने को दिये।

श्रीरामचन्द्रजी ने भरद्वाजजी से कहा कि महाराज! हमें अब इस वन में १४ वर्ष व्यतीत करने हैं। आप हम को एकान्त में कोई ऐसा स्थान बतावें कि जो यहाँ से दूर हो और जहाँ तरह तरह के फल-पुष्प वाले वृक्ष भी अनेक हों। क्योंकि यदि हम यहाँ रहे तो यहाँ से अयोध्या समीप ही है, हमारी यहाँ ज़रूर खबर पहुँच जायगी और फिर अयोध्यावासी यहाँ आ आ कर बड़ी भीड़ लगावेंगे। इसमें हमको भी शोक होगा और आपके भी भजन में विघ्न पड़ेगा। इससे हमें कोई और स्थान बतलाइए।

इस तरह पूछने पर भरद्वाजजी ने इनके रहने के लिए चित्रकूट पर्वत का पता बता दिया, जोप्र याग से लग भग ३४ कोस की दूरी पर है। इस पर्वत पर बड़े बड़े ऋषि महात्मा तप किया करते थे और यहाँ किसी प्रकार का दुःख नहीं था। यह पर्वत ऐसा मनोहर था कि इसकी शोभा को देखते हुए सबका मन मोहित हो जाता था!

अब श्रीरामचन्द्र, लक्ष्मण और सीताजी सहित भरद्वाज मुनि को प्रणाम कर, उनके बताये हुए रास्ते से, चित्रकूट पर्वत की ओर चल दिये। और मुनि भी उनको आशीर्वाद देकर आश्रम में बैठ गये। अब दोनों

जानकीजी को आगे किये हुए यमुना के तीर पर पहुँचे। देखा कि यमुना बड़ी गहराई और वेग से बह रही है। पार जाना चाहते हैं पर कोई नाव नहीं। फिर इन्होंने भरद्वाज की शिक्षा के अनुसार सूखे हुए बाँस इकट्ठे किये और बरनाड़ बनाई और उसमें वृक्षों को सूखी लकड़ी लगा कर हरी हरी घास कूट कूट कर छिद्रों में भर दी और लक्ष्मणजी ने नरम नरम टहनियों से जानकीजी के लिए बैठक बनादी। जानकीजी को उस पर बैठा कर उनके पास अपने अस्त्र शस्त्र रख दिये। पीछे से दोनों भाई भी चढ़े और नाव चलाई। जब नाव मझधार में पहुँची तब सीताजी ने परमात्मा को याद किया और बोलीं कि हे देव! जो हम तीनों आदमी राज़ी खुशी १४ वर्ष बन में बिता कर अयोध्या पहुँच जायँगे और हमारा पतिव्रत धर्म पूर्ण बना रहेगा तो हम बहुत सी गायें दान करेंगी। पर यह तब होगा जब श्रीरामचन्द्रजी को राज गद्दी मिल जायगी।

बस, ऐसा कहते कहते ही दक्षिण का तीर आया और तीनों उतर, नाव वहीं छोड़, बन को चल दिये। अब रास्ते में जिस जिस फूल या फल को सीताजी कहतीं जाती थीं उसी उसी को लक्ष्मण ला ला देते थे। इतने ही में चलते चलते वाल्मीकिजी का आश्रम आ गया और तीनों ने मुनिजी को प्रणाम किया। वाल्मीकिजी ने भी इनकी बड़ी पूजा की। वाल्मीकिजी ने भी श्रीरामचन्द्रजी के ठहरने के लिए चित्रकूट ही उत्तम बताया।

अब श्रीरामचन्द्रजी, लक्ष्मण और सीता सहित चित्रकूट पर पहुँचे और बड़ा मनोहर स्थान जान, लक्ष्मणजी से कह दिया कि भाई! यहाँ सब प्रकार का सुख मिलेगा। यहाँ सब प्रकार के फल-फूल वाले वृक्ष भी हैं। बस, कोई कुटी बन जाय तो यहीं रहने लगें।

इतना सुनते ही लक्ष्मणजी ने बहुत सुन्दर कुटी तैयार करली और उसमें एक ओर वेदी बनाई और तीनों के लायक सोने के लिए अलग चबूतरे बना दिये। अब श्रीरामचन्द्रजी लक्ष्मण और सीताजी सहित वहाँ सुख पूर्वक रहने लगे।

उधर श्रीरामचन्द्रजी से विदा होकर सुमन्त को चलते चलते अयोध्या दीखने लगी। सुमन्त को अयोध्या पहुँचते समय कुछ दिन बाकी था परन्तु यह सोच कर कि जो मैं अभी अयोध्या में जाऊँगा तो लोग मुझे रास्ते में रोक कर श्रीरामचन्द्रजी का समाचार पूछेंगे तो मैं उनसे किस मुँह से यह कहूँगा कि वे वन को चले गये और मैं लौट आया। इस लज्जा से, सुमन्त सन्ध्या समय जब कुछ अँधेरा हो गया तब, अयोध्या में गया। उधर राजा और रानियाँ रथ की आवाज़ सुन कर दरवाज़े पर आ खड़ी हुई। जब राजा ने रथ को खाली देखा तब हा राम! हा राम! कह कर मूर्च्छा खाकर धरती पर गिर पड़े। तब सुमन्त ने उन्हें उठाया और पूछ पाछ कर भीतर महल में ले गये। जब राजा की मूर्च्छा जागी तब सुमन्त से पूछने लगे कि पितृभक्त धर्मात्मा राम कहाँ है? मेरी ला।

पतोहू जनकनन्दिनी कहाँ है ? और श्रीरामचन्द्र का प्यारा भाई लक्ष्मण कहाँ है ? बस उस समय सुमन्त्र का भी जी शोक से घबरा गया था और आँखों से आँसू बह रहे थे। जैसे तैसे सुमन्त्र ने श्रीरामचन्द्रजी का गंगा तक पहुँचने का सब हाल राजा दशरथ से कह दिया। उस समय राजा दशरथ को शोक ने बहुत ही दबा लिया था। किसी के समझाने से कुछ भी धीरज न होता था। सारी रात राजा को राम, लक्ष्मण और सीता की याद करते ही बीती। राजा को इनके वियोग से इतना दुख हुआ था कि उनके प्राण इस शोक को न सह सके और सदा के लिए परलोक को सिधार गये।

राजा के स्वर्गवास हो जाने पर भरत और शत्रुघ्न के बुलाने के लिए अयोध्या से दूत भेजा गया। जिस दिन यह दूत भरत के पास पहुँचने वाला था, उसी दिन की पहली रात में, भरत ने एक बड़ा भयानक स्वप्न देखा। उन्होंने स्वप्न में देखा कि राजा दशरथ मैले वस्त्र पहने हुए, बाल खुले हुए, पहाड़ की चोटी से गोबर के कुण्ड में गिर पड़े हैं और देखा कि उनका सिर फट गया, और तेल में डुबकी लगा रहे हैं। समुद्र सूख गये, चन्द्रमा भूमि पर गिर पड़ा संसार में अन्धकार छा गया धरती जगह जगह फट गई और वृक्ष सूख गये। फिर राजा को लोहू की नदी में बहते हुए देखा। और फिर देखा कि राजा काले वस्त्र पहने हुए, गधों के रथ में बैठ कर दक्षिण दिशा को जा रहे हैं और ऐसा मालूम हुआ कि कोई

राक्षसी उनको ज़बरदस्ती पकड़कर लिये जा रही है। इतने ही में उनकी आँखें खुल गईं। उनका जी घबराने लगा। अब दिन निकल आया और भरतजी को बेचैनी बढ़ने लगी। मुँह फीका पड़ गया।

भरतजी को बहुत उदास देखकर उनके एक मित्र ने पूछा कि आज आप इतने उदास क्यों हैं? कहिए तो आपको क्या दुःख है? तब भरत जी ने अपने उस मित्र से कहा कि भाई! क्या कहें हमने आज रात को एक बड़ा बुरा स्वप्न देखा है। हमको यह फल दिखाई देता है कि हम, या राजा दशरथ, या राम, या लक्ष्मण में से किसी की मृत्यु ज़रूर होगी। इस कारण दुःख से हमारा गला सूख रहा है। जी घबराता है।

इस प्रकार भरत जी बातें कर ही रहे थे कि अचानक अयोध्या का दूत केकयराज से मिलकर भरत के पास आया और उनसे कहने लगा कि राजकुमार! आपके कुलगुरु और पुरोहित वशिष्ठजी और मन्त्री जनों ने आपको तुरन्त बुलाया है और यह कह दिया है कि बहुत ज़रूरी काम है; आने में देर न करें।

अब तो भरतजी, दूत की सटपटाती हुई बाणी में, अपने को जल्द बुलाने की बात सुन कर और भी घबरा गये! दूत से बोले कि भला यह तो कहो कि हमारे पिताजी तो प्रसन्न हैं? महात्मा श्रीरामचन्द्रजी और लक्ष्मणजी तो प्रसन्न हैं? माता कौशल्या, सुमित्रा तो राज़ी हैं? हमारी माता कैकेयी तो अच्छी हैं? और बहुत से

बस तुमसे क्या कहा है? सब साफ़ साफ़ कहो। दूत ने कहा कि सब प्रसन्न हैं। आपको जल्द बुलाया है। अब देर न कीजिए। बहुत जल्द रथ मँगाइए।

अब भरतजी, अपने नाना, मामा से आज्ञा लेकर तुरन्त रथ पर सवार होकर अयोध्यापुरी की ओर चल दिये। भरतजी को रास्ते में भी बुरे बुरे शकुन दिखलाई देने लगे, तब तो उनका जी और भी भय से काँपने लगा। उनको अयोध्यापुरी पहुँचना भारी हो गया। जब वे अयोध्या के पास पहुँचे तब दूत से कहने लगे कि अरे भाई! यह तो मनोहर अयोध्या उजड़ी सी दीखती है। इसमें तो सदा आनन्द के उत्सवों के बाजों की आवाज़ सुनाई पड़ती थी; वह आज नहीं सुनाई देती! आज तो सुनसान है। सड़कें भी बिना झाड़ी बुहारी ही पड़ी हैं! अरे यहाँ तो सब मनुष्यों के चेहरे पर उदासी छाई है! बताओ तो क्या बात है?

इतने ही में चलते चलते राज-महल आ गया और वे रथ से उतर भीतर पहुँचे, देखा कि राजा अपने स्थान पर नहीं हैं। फिर यह सोच कर कि शायद कैकेयी के महल में होंगे, आगे को चल दिये।

पाठको! उन बेचारे साधु को क्या खबर कि कैकेयी की करतूत से राम, लक्ष्मण और सीता वन को चले गये, राजा देवलोक पहुँचे। वे बेचारे तो सीधपन से वही अयोध्या और वही राज्य जानते हैं। कैसे शोक की बात है कि महल के भीतर भी आ गये पर किसी ने सच्चा

समाचार नहीं सुनाया । वे क्या जानते थे कि हमें सच्चा समाचार सुन कर धाड़े मार मार रोना पड़ेगा ।

अब भरत अपनी माता कैकेयी के महल में पहुँचे । रानी कैकेयी भी बहुत दिन में अपने प्यारे बेटे को आते देख कर प्रेम में विह्वल हो उठी । अपनी जगह से उठ कर भरत की ओर को चल दी । भरतजी ने भी अपनी माता के चरणों में प्रणाम किया और रानी कैकेयी ने भरत को छाती से लगाया और सिर सूँघा । रानी के पूछने पर भरतजी केकय देश की राज़ी ख़ुशी बता कर अपनी माता से घबरा कर बोले, माता ! यह तो बताओ कि हमें ऐसी जल्दी क्यों बुलाया है ? श्रीपिताजी कहाँ हैं ? जल्द बताओ, हम उनका दर्शन किया चाहते हैं । हमें उनके दर्शन किये बहुत दिन हुए । रानी ने जवाब दिया बेटा ! राजा तो वहाँ गये, जहाँ सबको जाना है ।

इतनी सुनते ही भरतजी "हाय ! हम मारे गये" कह कर बेहोश हो गये । भरतजी बड़े शूरवीर थे, पर इस दुख को न सह सके । थोड़ी देर में जब होश आया तब बोले, हमारे पास पिताजी ने समाचार भेजा था कि हम रामचन्द्र को राजगद्दी देते हैं और हम नित्य भगवान् का भजन और यज्ञ किया करेंगे । यह सुन कर हम बड़े प्रसन्न हुए थे कि महात्मा रामचन्द्रजी राजा होंगे । पर हाय ! यहाँ तो राजा ही न रहे । हमें बड़ा शोक है । हमारी छाती फटी आती है । हाँ यह तो बताओ कि

पिताजी को क्या रोग हुआ था, जो इतना अल्प शरीर छोड़ दिया कि हमको खबर तक न हुई।

अब भरतजी की आँखों से आँसुओं की धारा बह रही है, और इस तरह विलाप करने लगे—रामचन्द्रजी बड़े भाग्यशाली हैं जो मरते वक्त पिताजी की सेवा तो करली। हाय! पिताजी को अब सुध भी नहीं कि हम माताजी के घर आये हैं! नहीं तो हमारा सिर ज़रूर सूँघते। हाय! पिताजी का वह प्यार का हाथ कहाँ है जो हमारे शरीर पर फिरे! ऐसे विलाप करते करते भरतजी बेहोश होकर ज़मीन पर गिर पड़े और थोड़ी देर में जब कुछ चेत हुआ तब अपनी माता से पूछने लगे कि हमारे शिरोमणि महाराज रामचन्द्र जी कहाँ हैं? उनको तो हमारे आने की खबर पहुँचा दो। हम धर्म की रीति से जानते हैं कि बड़े भाई पिता के समान होते हैं। इस लिए हम उनके तो चरण छू लें। वे ही अब हमारे स्वामी हैं।

कैकेयी ने कहा कि बेटा! रामचन्द्र तो सीता और लक्ष्मण सहित तपस्वियों का वेष बना कर बन को चले गये। यह सुन कर भरतजी ने कहा कि, हैंय! रामचन्द्रजी ने तो कोई पाप नहीं किया, फिर वे बन को क्यों भेजे गये! रानी कैकेयी ने कहा कि उन्होंने कोई पाप तो नहीं किया था, परन्तु मैंने उनका राज-तिलक सुन कर राजा से तुम्हारे लिए राज और रामचन्द्रजी के लिए १४ वर्ष तक बनवास माँग लिया था। इसकारण रामचन्द्र तो ब-

को चले गये और राजाजी स्वर्ग को सिधार गये और तुमको राज्य दे गये हैं। सो तुम कुछ शोक मत करो। निर्भय राज्य करो। इस बात को सुन कर भरत को बड़ा भारी दुःख हुआ और कैकेयी से कहने लगे, भला राम चन्द्रजी के बिना हमें राज्य से क्या काम। अरी दुष्टा! अब क्यों घाव पर नमक डालती है। इधर तू ने राजा को मारा और धर्मात्मा राम को तपस्वी बना वन को भेज दिया। अरे स्वार्थिनी! तूने तो हाय! हमारा सत्यानाश ही कर दिया। तूने तो अपने करने में कुछ कसर नहीं की। अरे पापिनी! हम तेरा मनोरथ पूरा नहीं करेंगे। अब तुझे दुःख देने के लिए हम वन जाकर रामचन्द्रजी को बुला, तेरे सामने ही उन्हें राजा बनावेंगे। उस वक्त हम देखेंगे कि तू क्या करती है। देख, तेरे सामने ही हम रामचन्द्रजी के दास बन, उनकी सेवा करेंगे। अरे पतिघातिनी! तूने हमको ही नहीं, सारी अयोध्या को दुःख दिया है। तुझे ज़रूर इसके बदले नरक भोगना पड़ेगा।

इतने ही में गहने कपड़ों से सजी हुई और मन में खुश होती हुई मन्थरा भी आ पहुँची। उसे देख कर लक्ष्मण के छोटे भाई की आँखें लाल हो गईं और गुस्से के मारे होठ फड़फड़ाने लगे। जब कुबड़ी मन्थरा पास आई तब शत्रुघ्न ने उसके कूब में बड़े ज़ोर से एक लात मारी और झट उसकी चोटी पकड़ कर उसी आँगन में घसीटने लगे और मारे लातों के उसकी नस नस

कर दी। भरत के समझाने पर शत्रुघ्न ने उसे अधमरा करके छोड़ दिया॥

अब भरत और शत्रुघ्न की आवाज़ कौशल्या और सुमित्रा के महलों में पहुँची तब कौशल्या सुमित्रा कहने लगी कि हे सुमित्रा, आज तो स्वार्थिनी कैकेयी बेटे भरत की आवाज सुनाई देती है। उसे देखे हमें बहु दिन हो गये। चलो उसे देख तो आवें। यह कह कौशल्या भरत के देखने के लिए चली। उधर भरत और शत्रुघ्न भी कौशल्या के दर्शन को चल पड़े। अब रास्ते में ही भेंट हो गई। भरत और शत्रुघ्न दोनों कौशल्या के चरणों में गिर पड़े। कौशल्या ने उन्हें उठाकर बड़े प्यार से गले लगाया और रोने लगीं। बस एक कौशल्या को रामचन्द्र के वियोग का दुःख बहुत याद आ गया इसलिए वे मूर्छित हो गईं। जब मूर्छा दूर हुई तब भरत से कहने लगीं कि हे पुत्र, कैकयी ने तुम्हारे लिए यह राज्य बड़ी कठिनाई से पाया है और तुम भी गद्दी होगे। सो अब यह राज्य तुमको मिल गया। बेटा, तुम निर्भय हो इसे सुख से भोगो, पर हम नहीं जानते कि राम को १४ वर्ष का वनवास दिला कर उसको क्या मिल गया। वह कहती तो राम अपने आप ही राज्य तुम को दे देते। अब हमारी यह इच्छा है कि तुम्हारी माता हमको और सुमित्रा को हमारे पुत्र के पास वन में भिजवा दे, या तुम्हारी आज्ञा हो तो हम अपने प्यारे रामचन्द्र

पास अपने आपही चली आयें या तुमही पहुँचा दो। फिर तुम थे खटके राज्य करना।

यह बातें सुन भरत को बड़ा दुःख हुआ और कौशल्याजी के चरणों में गिर पड़े और रोते रोते मूर्छा आ गई। जब कुछ होश आया तब कौशल्याजी से बोले कि माता, हमारा प्रेम जो रामचन्द्रजी में है और हमें रामचन्द्रजी जितना चाहते हैं यह सब तुम जानती ही हो। हमको इन बातों का कुछ भी हाल मालूम नहीं। इस कारण हमारा कुछ दोष नहीं है। हमको दोष न दो। हे माता, जिसकी सलाह से रामचन्द्रजी बन को गये हों उसको सारे शास्त्र पढ़ने पर भी कुछ विद्या न आवे। वह नीचों का टहलवा बने। गाय के मारने का पाप उसको लगे। जिसकी सलाह से श्रीरामचन्द्र बन को गये हों उसको वह पाप लगे जो गुरु, माता, पिता आदि बड़ों का अपमान करने से होता है। उसको वह पाप हो जो मित्रों के साथ धोखा देने में, प्रतिज्ञा करके उसको पूरा न करने में और जो स्त्री, बालक, बूढ़ों के रहते अपने आप अकेले ही मीठी चीज़ खाने में होता है। उसको वह पाप लगे जो बिना अपराध नौकर के छुड़ाने में हो। वह सदा संग्राम में हारे और सदा वैरियों से दबा रहे। वह सदा शराब पीता रहे और जुआ खेलता रहे। वह सदा अधर्म किया करे, उसको यज्ञ बिगाड़ने का पाप लगे। उसको वह पाप लगे जो प्यासे को पानी न पिलाने में होता है। इस प्रकार भरत सौगन्द खाते खाते जब बेहोश हो गये तब

कौशल्या ने उनको छाती से लगाया और कहा कि हे पुत्र, तुम ऐसी सौगन्दों से हमारा मन थामते हो। तुमको दुःखी देख हमको भी दुःख होता है। तुम सच्चे धर्मात्मा हो। तुमने अपना धर्म नहीं छोड़ा, इस कारण भगवान तुमको राज़ी रक्खे।

फिर वसिष्ठजी की आज्ञा से भरत ने राजा दशरथ की प्रेत-क्रिया की। फिर सब मन्त्री जन और सब माताओं ने भरत को राज करने के लिए बहुत कुछ समझाया, परन्तु भरत बड़े धर्मात्मा और श्रीरामचन्द्रजी के बड़े प्यारे थे, इसलिए उन्होंने सब से यही कह दिया कि रघुकुल में सदा से यह रीति चली आई है कि सबसे बड़ा भाई राजा बने। और धर्म से होना भी ऐसा ही चाहिए। फिर आप लोग मुझसे ऐसा अधर्म क्यों कराते हैं? भला रामचन्द्रजी के होते हुए हम कैसे राज-काज कर सकते हैं? ऐसे अधर्म का काम हम नहीं कर सकते। जो कहो कि श्रीराम चन्द्रजी तो बन को चले गये, उनके पीछे तुमको ही राज काज करना चाहिए, तो हम सौगन्द खाकर कहते हैं कि हम बिना रामचन्द्रजी के राज कभी न लेंगे। हम अभी श्रीरामचन्द्रजी के दर्शनों को जाते हैं और उनको वापस ला राज तिलक कराकर उनकी सेवा करेंगे।

वसिष्ठजी ने भी भरत को बहुत कुछ समझाया, परन्तु भला धर्मवीर कब माननेवाले थे। उन्होंने वसिष्ठजी से कहा कि गुरुजी, मुझे आप की सलाह पर बड़ा ही अफ़सोस होता है। क्या मैं राजा दशरथ का पुत्र नहीं हूँ?

जो ऐसे अधर्म का काम करूँ ? गुरु जी, मैं आप से ठीक कहता हूँ। मैं अब रामचन्द्र जी के बुलाने के लिए ज़रूर जाऊँगा और सबके समझाने से श्रीरामचन्द्रजी ज़रूर चले ही आयेंगे और जो नहीं आये तो हम भी उनके साथ वन में ही रहेंगे। उनके बिना हमको इस अयोध्या से कुछ मत लब नहीं।

अब भरत श्रीरामचन्द्रजी के पास वन को चलने लगे तब उनकी मातायें, उनकी सेनाये और बहुत से पुरवासी लोग उनके मना करने पर भी श्रीरामचन्द्रजी के देखने के लिए भरत के पीछे पीछे चल दिये। अब सब लोग बड़ी खुशी में हैं कि हमको श्रीरामचन्द्रजी के दर्शन होंगे, उनको यहाँ बुलाकर लाये गे और उनको राजा बना कर सब सुख से रहेंगे।

जिस रास्ते से श्रीरामचन्द्रजी वन को गये थे, उसी रास्ते से भरत भी पूछते पूछते जाने लगे। भरतजी को भरद्वाजजी और बाल्मीकिजी ने श्रीरामचन्द्रजी का ठीक ठीक पता दे दिया कि श्रीरामचन्द्रजी चित्रकूट पर्वत पर बास करते हैं। भरतजी उसी ओर चल दिये। जब चित्रकूट थोड़ी ही दूर रहा तब भरतजी श्रीरामचन्द्रजी की कुटी को देखने के लिए एक बड़े ऊँचे पेड़ पर चढ़ गये और उनकी कुटी और अग्निहोत्र का धुआँ दिखाई देने लगा। अब मन में भरतजी को बड़ी खुशी हुई। नीचे उतर कर भरतजी ने वसिष्ठजी से कहा कि आप सब माताओं को लेकर पीछे पीछे आइए। और सब फ़ौज

को वहीं ठहरने की आज्ञा देकर आप शत्रुघ्न और सुमन्त के साथ श्रीरामचन्द्रजी की कुटी की ओर पैदल ही चल दिये।

जब भरतजी की सेना उस वन में पहुँची तब बहुत सी धूल उड़ती देख और वनैले जीवों को इधर उधर भागते देख रामचन्द्रजी ने लक्ष्मणजी से कहा कि लक्ष्मण! देखो तो यह बड़ा कोलाहल कहाँ मच रहा है? ये हाथी, भैंसे, हिरन आदि जीव सिंहों से डर कर तो नहीं भागे? या कोई राजकुमार तो शिकार खेलने नहीं आया? देखो तो यह हल्ला गुल्ला क्यों मच रहा है? यह सुन लक्ष्मण तुरन्त एक बड़े ऊंचे पेड़ पर चढ़ कर चारों ओर देखने लगे। उत्तर दिशा में बहुत हाथी, घोड़े और सेना सी दिखाई पड़ी। यह देखते ही लक्ष्मण झट उस पेड़ पर से उतर श्रीरामचन्द्रजी से बोले कि महाराज! यह तो बड़ी भारी सेना है! अब आप सीता जी को किसी गुफा में बैठाल कर अपने कवच (बख़्तर) आदि पहन लीजिए और इस सेना को मार भगाइए। श्रीरामचन्द्रजी ने कहा कि यह तो देखो कि सेना है किसकी। इस पर लक्ष्मण बड़े क्रोध में होकर बोले कि महाराज! है किसकी! वही कैकेयी के पुत्र भरत हम दोनों के मारने के लिए आये हैं। उन्हीं की सेना है। इसलिए यह धूल उड़ती चली आ रही है। अब हमको अस्त्र शस्त्र बाँध कर युद्ध को तैयार हो जाना चाहिए। आज हम भरत को संग्राम में देखेंगे। जिसके कारण आपने, हमने और इन सीताजी ने राज-पाट

छोड़ा और वन में कष्ट उठाया, हे वीर, ये वही तो भरत आ रहे हैं। अब हम इनको मार डालेंगे। इनके मारने में कुछ पाप भी नहीं होगा, क्योंकि जो पहले दुःख दे उसका मारना कुछ बुरा नहीं है। बस भरत के मारे जाने पर आप निर्भय राज करना। निस्सन्देह राज के लोभ में कैकेयी आज अपने पुत्र को हमारे हाथ से मरा हुआ देखेगी। पीछे से उसके बाप भाई भी, जो इसकी सहायता करने आवेंगे, सब मारे जायँगे और फिर आप भी मारी जायगी। आज धरती बड़े भार से हलकी होगी और हमारा भी क्रोध उतर जायगा। आज आप हमारे तीरों से भरत की सारी सेना कटी देखेंगे। आज चील कौए, गीदड़ और कुत्ते भी पेट भर भोजन पावेंगे।

लक्ष्मणजी को बहुत क्रुद्ध देख कर और उनके क्रोध और वीर रस से भरे हुए वचनों को सुनकर महात्मा श्री रामचन्द्रजी कहने लगे कि भाई, यहाँ तीर तलवार का क्या काम। यहाँ तो महा-बलवान् और धर्मात्मा भरत आपही आ रहे हैं। हम तो पिताजी से १४ वर्ष वनवास की प्रतिज्ञा कर चुके हैं। अब भला भरत को मार सारी दुनिया में अपनी बुराई करावेंगे! कभी नहीं। हे लक्ष्मण, जो चीज़ अपने भाई-बन्धु के नाश से मिले, हम उसे बहुत बुरा समझते हैं। हम भाइयों की हानि से अपना सुख नहीं चाहते। नहीं तो तुमसे वीर के होते हमको सारी पृथ्वी का राज्य मिलना कठिन नहीं है। पर अधर्म से तो हम तीनों लोक का भी राज नहीं चाहते। हमको

जो सुख तुम्हारे और भरत शत्रुघ्न के बिना हो, उसको अग्नि जला दे। हमारी समझ में तो जब भरत ननसाल से आये होंगे तब हमारे बनवास की खबर सुनी होगी। भरत धर्मात्मा तो हैं हीं; अपनी कुल-रीति और धर्म-मर्यादा को याद कर माता को बुरा भला कह, पिताजी से आज्ञा लेकर हमसे मिलने और राज लौटाने को आये होंगे। ऐसा नहीं हो सकता कि भरत हमको दुःख देने आये हों। क्या कभी तुम्हारी भरत से अनबन हो गई थी जो ऐसा विचार करते हो? प्यारे, देखो, अब तुम भरत से कोई कड़ी बात न कहना और जो कोई भी कड़वी या चुभती बात तुमने भरत से कही तो हमसे ही कही समझना। जो राज के लोभ से तुम ऐसा समझते हो तो जब भरत हमसे मिलेंगे, तब हम उनसे कह देंगे कि तुम राज लक्ष्मण को दे दो। याद रक्खो, जिस समय हमने भरत से कहा, वे तुरन्त ही राज तुमको देदेंगे। यह सुन कर लज्जा के मारे लक्ष्मण का सिर नीचा हो गया। और फिर रामचन्द्रजी से उन्होंने क्षमा माँगी और कहा कि अब हम भरत को भी पिताजी के समान समझेंगे।

भरतजी, अपने भाई शत्रुघ्न और गुरु और मंत्रियों समेत चलते चलते श्रीरामचन्द्रजी की कुटी के पास आ गये। भरतजी ने देखा कि रामचन्द्रजी सीताजी और लक्ष्मणजी सहित मृगछाला और चीर वकल पहने बैठे हैं। बस देखते ही शोकातुर हो रोने लगे और बोले—हा! जिन रामचन्द्रजी के शरीर में सुगन्धित केसर चन्दन

और कपूर आदि लगाये जाते थे, आज उनके शरीर में धूल लग रही है। हा! जिस के कारण बड़े भाई को इतना कष्ट पहुँचा उस मेरे जीवन को धिक्कार है कि जिसकी संसार भर में निन्दा हुई! ऐसे कहते कहते भरतजी ने श्रीरामचन्द्रजी के चरण छूने के लिए हाथ बढ़ाये, पर हाथ न पहुँचे और शोक से बेहोश हो कर धरती पर गिर पड़े। शत्रुघ्न ने श्रीरामचन्द्रजी के चरणों में प्रणाम किया और फिर श्रीरामचन्द्रजी ने दोनों भाइयों को उठा कर छाती से लगा लिया। फिर श्रीरामचन्द्रजी और लक्ष्मण जी, सुमन्त और गुह को भी छाती से लगा कर मिले।

अब रामचन्द्रजी ने भरत के आँसू पोछ कर उनको अपनी गोद में बिठा लिया और भरत से बोले—प्यारे, तुम्हारे पिताजी कहाँ गये, जो तुम वन को आये? मालूम होता है उन्होंने शरीर त्याग दिया। हे तात, तुम तो बहुत दिनों से ननसाल को गये थे। बहुत दिन में मिलने और दुर्बल हो जाने के कारण हमने तुमको देर में पहचाना। भला तुम गुरु वशिष्ठजी की सेवा तो करते हो? भला कौशल्या केकयी और सुमित्रा तो राज़ी हैं? भला अग्निहोत्र के समय को याद दिलाने के लिए तुमने वेदपाठी पुरोहित को नियत कर लिया है? हे तात, बाण विद्या और सब शस्त्रों के जानने वाले सुधन्वाजी को प्रसन्न रखते हो? भला तुम्हारे मन्त्री तो अच्छी सलाह देते हैं? भला तुम्हारे मन की बात समय से पहले तो

कोई नहीं जान लेता ? भला तुम्हारा सेनापति तो अच्छा है ? सेना को नौकरी देने में तो तुम कंजूसी नहीं करते ! भला प्रजा का तुम पर प्रेम तो है ? चोर डाकुओं से प्रजा की रक्षा तो तुम अच्छी तरह करते हो ! अपनी स्त्री की रक्षा अच्छी तरह से करते हो ! अच्छे अच्छे भोजन आप अकेले तो नहीं कर लते, अपने बान्धवों को भी खिलाते हो या नहीं !

इतना सुन कर भरतजी ने कहा कि महाराज, आप हमसे राजनीति की बातें क्यों पूछते हैं ! हमें इनसे क्या काम । हमारी तो कुल-रीति है कि बड़े भाई के होते छोटा भाई राजा नहीं हो सकता, इसलिए आप हमारे साथ अयोध्या चलें और कुल की बात रखने के लिए राज-तिलक कराकर राजा बनें और प्रजा की रक्षा करें। क्योंकि जिन राजा को मनुष्य राजा मानते थे व तो देवता हो गये। हम तो केकय देश में रहे, आप बन में, यहाँ आप के शोक में राजा स्वर्ग को चले गये। अब उठिए, सीता और लक्ष्मण सहित चल कर उजड़ी अयोध्या फिर से बसाइए। हे राम, आपने हमारी माता की इच्छा पूरी की और हम को राज दिया। पर अब आपका यही राज हम आपको देते हैं। आप ऐसा कीजिए जिसमें हम लोग आप को राजसिंहासन पर बैठे देखें ।

जब श्रीरामचन्द्रजी ने भरत के मुँह से राजा दशरथ के स्वर्गवास का समाचार सुना तब "हा !" कह कर दोनों हाथ माथे पर रख, मूर्छित हो गए। जब मूर्छा

जागी तब भरत से बोले—भरत! जब श्रीपिताजी ही स्वर्ग को चले गये तब हम अब अयोध्या जाकर क्या करेंगे। भला अब हम चल कर उन महात्मा का कौन सा काम करेंगे। हा! अब हमको बिना पिताजी के कौन सिखावेगा। जिन बातों से हमारे कानों को सुख होता था उन्हें अब कौन सुनावेगा। हे लक्ष्मण, अब हम तुम बिना पिता के हो गये। सीताजी, तुम भी बिना ससुर की हो गई।

इतने ही में सब मनुष्य और वसिष्ठजी भी माताओं सहित श्रीरामचन्द्रजी की कुटी पर आ पहुँचे। श्रीरामचन्द्रजी सबसे मिले और माताओं के चरणों में गिरे और लक्ष्मणजी ने भी पाँव छूकर माताओं की वन्दना की और सीताजी भी सासुओं के चरण छू, रोने लगीं। उन्होंने सीता को आशीर्वाद दिया। और सब रोते रोते बैठ गये।

श्रीरामचन्द्रजी की माताओं ने और सब अयोध्या वासियों ने मिलकर श्रीरामचन्द्रजी से अयोध्या चलने के लिए बहुत कुछ कहा, परन्तु श्रीरामचन्द्रजी कोई साधारण आदमी नहीं थे जो राज के लोभ में आकर अपने धर्म को छोड़ देते। छोटा सा राज तो क्या, उनको त्रिलोकी का सारा राज भी धर्म के सामने तिनके के समान था। उन्होंने सबको समझा दिया और भरत से बोले—भाई! तुम्हारा प्रेम हम सब जानते हैं। तुम बड़े धर्मात्मा हो। तुम्हारा कुछ दोष नहीं। जो कुछ होने वाला होता है उसे

कोई मिटा नहीं सकता। अब तुमको चाहिए कि जिस तरह हम पिताजी की आज्ञा मान कर वन को चले आये इसी तरह तुम भी उनकी आज्ञा से अयोध्या में बस,वहाँ का सब राज-काज सँभालो। यही तुम्हारा धर्म है शत्रुघ्न तुम्हारे साथ हैं। तुम सब काम कर सकते हो। हम भी १४ वर्ष बिताकर अयोध्या को लौट आवेंगे।

जब किसी के समझाने से भी श्रीरामचन्द्रजी ने अयोध्या को लौटना नहीं चाहा तब हार कर भरतजी ने श्रीरामचन्द्रजी से कहा कि हे आर्य्य,जाने दीजिए अपनी इन पादुकाओं पर अपने चरण रख दीजिए तो हम इन्हीं को राजगद्दी पर रखकर इनके सहारे से सब राज-काज कर लेंगे। हम १४ वर्ष तक जटा रखा, वल्कल पहन, नगर से बाहर रहेंगे। पर हम प्रतिज्ञा करते हैं कि १४ वर्ष के पूरे होते ही, उसी दिन, जो आपका दर्शन अयोध्या में हमको न होगा तो हम तुरन्त अग्नि में भस्म हो जायँगे।

अब श्रीरामचन्द्रजी ने अपनी खड़ाऊँ भरत को दे दी और वादा किया कि हम १४ वर्ष पूरे होते ही, ज़रूर तुम्हारे पास आवेंगे। और शत्रुघ्न से कहा कि हे शत्रुघ्न माता कैकेयी की सेवा करते रहना। कभी क्रोध न करना। हम तुमको अपनी और सीता की सौगन्ध देते हैं।

अब भरतजी उन खड़ाऊँ को लेकर अयोध्या को चले आये और उन्हें राजसिंहासन पर रख कर सब राज-काज

करने कराने लगे और आप अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार नगर के बाहर, मुनिवेश बनाकर रहने लगे।

सोरठा ।

भरतचरित करि नेम, तुलसी जे सादर सुनहिं ।
सीय रामपद प्रेम, अवशि होइ भव रस विरति ॥

अरण्य-(वन)-काण्ड

इस काण्ड में—विराधवध, पञ्चवटी को जाना, सूर्पणखा के नाक कान काटना, खरदूषण-युद्ध, और मारीच का संवाद, सोने के हिरन-रूपी मारीच का मारना, सीताहरण, जटायु-युद्ध, सीतावियोग, इत्यादि बातों का वर्णन है।

भरत के चले जाने के बाद, एक दिन, श्री रामचन्द्रजी ने लक्ष्मण और सीताजी से सलाह करके यह विचार किया कि अब हमको चित्रकूट पर नहीं रहना चाहिए क्योंकि अब यहाँ का पता अयोध्यावासी लोग जान गये हैं। जब जब उन लोगों को हमारी सुध आवेगी तब तब वे झट यहाँ आ आकर हम लोगों को दिक किया करेंगे, रात दिन भीड़ लगी रहेगी। इससे ऋषियों को भी कष्ट होगा और हमको सदा उनका ही ध्यान बना रहेगा; भजन पूजन कुछ न हो सकेगा।

इसलिए यहाँ से कहीं और किसी वन में चलना चाहिए।

अब श्रीरामचन्द्रजी लक्ष्मण और सीताजी की सलाह से दण्डक नाम के वन को चल दिये और अत्रि मुनि के आश्रम में पहुँचे। वहाँ अत्रि मुनि ने इनका बहुत कुछ सम्मान किया; बहुत से कन्द, मूल, फल खाने को दिये। अत्रि मुनि की एक बूढ़ी पत्नी, जिसका नाम अनसूया था, बड़ी ही धर्मात्मा थीं। सीताजी ने अनसूयाजी को प्रणाम किया। अनसूयाजी ने उनको आशिस देने के सिवा बहुत अच्छी तरह से स्त्रियों के धर्म का उपदेश दिया। उस उपदेश को हम गोस्वामी तुलसीदास जी की मनोहर कविता में से सुनाते हैं।

कह ऋषिवधू सरल मृदु बानी।
नारिधर्म कछु ब्याज बखानी॥
मातु पिता भ्राता हितकारी।
मित सुखप्रद सुनु राजकुमारी॥
अमित दानि भर्ता बैदेही।
अधम सो नारि जो सेव न तेही॥
धीरज धर्म मित्र अरु नारी।
आपति काल परखि यहि चारी॥
वृद्ध रोगबश जड़ धनहीना।
अन्ध बधिर क्रोधी अति दीना॥
ऐसेहु पतिकर किय अपमाना।
नारि पाव यमपुर दुख नाना॥

मांस खाते हैं। इस स्त्री को हम अपनी स्त्री बनाकर और तुम्हें मारकर अभी रुधिर पीयेंगे।

ऐसे कहत निशाचर धावा।
अब नहिं बचहु तुम्हें मैं खावा॥
तासु तेज शत मरुत समाना।
टूटहिं तरु बहु उड़हिं पखाना॥
जीव जन्तु जहँ लगि रहे जेते।
व्याकुल भाजि चले सब तेते॥

इस प्रकार बड़े वेग से आकर उस राक्षस न राम और लक्ष्मण के बीच में से सीताजी को पकड़ कर कन्धे पर बिठा लिया। उस समय जानकी डर से काँपने लगीं। श्रीरामचन्द्रजी बहुत उदास होकर लक्ष्मणजी स कहने लगे कि देखो लक्ष्मण हमारी पतिव्रता स्त्री जनककुमारी जानकी राक्षस के कन्धे पर बैठी है। कहाँ राजकुमारी और कहाँ यह राक्षस। अहा! अब कैकेयी का मनोरथ सफल हुआ। उसको अपने बेटे का राज दिला कर ही सन्तोष नहीं हुआ, उसने बड़ी दूर तक सोच लिया था। वह जानती थी कि जो ये यहाँ रहेंगे तो कभी राज में कुछ गड़बड़ करें, इसलिए उसने हमको बनवास दिला दिया। उसकी इच्छा अब पूरी हो गई। भाई लक्ष्मण! मुझे जितना दुःख आज सीताजी को इस दशा में देखकर हुआ है उतना पिताजी के और राज के छोड़ने में भी नहीं हुआ।

श्रीरामचन्द्रजी को इस प्रकार दुःखी देख कर लक्ष्मणजी को भी दुःख हुआ और क्रोध में आँखें लाल हो गई और बोले—हे वीर, आप ऐसी दीनों की सी बात क्यों कहते हैं? आप देखते रहिए, हम अभी अपने पैने बाणों से इस राक्षस को मारे डालते हैं। जो क्रोध हमको आपके वन आने पर भरत पर हुआ था वह क्रोध अब इस राक्षस पर काम देगा। अभी अभी यह मारा जायगा और इसका रुधिर पीकर धरती तृप्त हो जायगी। और विराध से कहा कि तुम कौन हो जो इस वन में मनमौजी घूमते फिरते हो? विराध ने बड़े ज़ोर से कहा कि तुम दोनों कौन हो, कहाँ जाओगे, जल्द बताओ? श्रीरामचन्द्र ने कहा कि हम इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय हैं। तुम बतलाओ कौन हो जो इस तरह बेधड़क फिरते हो? राक्षस ने कहा कि "जव" हमारा बाप और "सत्यहदा" हमारी माता है। ब्रह्माजी का तप कर हमने यह वर पाया है कि मामूली शस्त्रों से हम नहीं मारे जा सकते और न हमारा कोई भंग कर सकता है। बस जानापूछी तो हो चुकी। अब तुम इस स्त्री को यहीं छोड़ जिस रास्ते से आये हो उसी रास्ते से चुपके चले जाओ। इस समय हम तुम्हारा प्राण लेना नहीं चाहते।

श्रीरामचन्द्रजी को उस राक्षस के ऐसे गर्व के वचन सुनकर बड़ा क्रोध आया और बोले—अरे नीच, अब हमने जाना कि तेरे सिर पर काल खेल रहा है। तू अब ज़रूर मारा जायगा। अब हम तुझको जीता नहीं छोड़ेंगे।

सकता था। अब आप हमारा और हमारे भाई का पौरुष देखेंगे कि क्या करते हैं। आप चिन्ता न करें। अब हम ज़रूर इन राक्षसों को मारेंगे।

अब श्रीरामचन्द्रजी उन ऋषियों से बिदा हो कर सुतीक्ष्णजी के आश्रम को चल दिये। वहाँ एक रात ठहर कर सबेरे अगस्त्य मुनि के आश्रम को चले। रास्ते में सीताजी ने श्रीरामचन्द्रजी से कहा कि हे स्वामिन्, धर्म की बड़ी सूक्ष्म गति है। वह बड़े आडम्बर से नहीं मिल सकता। इस आडम्बर में तीन दुःख होते हैं—१—झूठ बोलना; २—पर-स्त्री-गमन और ३—बिना बैर किसी को मारना। सो पहली दो बातें तो आप में कभी नहीं हुई और न होंगी पर यह तीसरी बात—जीव हिंसा की—आप में मौजूद है। क्योंकि आप अभी ऋषियों से प्रतिज्ञा कर चुके हैं कि हम आपके दुःख देनेवाले राक्षसों को मारेंगे। जब से आप इस दण्डक वन में आये हैं तब से ही आप में यह बात पैदा हुई है। इससे हमको बड़ा सोच है और सोचा करती हैं कि इसका क्या फल होगा। हम तो आपका इस वन में आना अच्छा नहीं जानतीं।

शस्त्र धारण करने से क्या मतलब ? तो वन में विचरते हुए क्षत्रियों का धनुष धारण करना, निरपराध जीवों के मारने को नहीं, वरन् जो वन में दुःखी लोग हैं उनकी रक्षा करने के लिए है। इसलिए आप हम दोनों की ही रक्षा कीजिए। फिर कोई कोई बातें एक साथ भली नहीं मालूम होतीं। भला कहाँ शस्त्र का बाँधना और कहाँ वन में घूमना! कहाँ क्षत्रिय का धर्म और कहाँ तपस्या करना! इसलिए जहाँ का जो धर्म हो वहाँ वही करना चाहिए। यहाँ वन में आप को शस्त्रों से क्या काम। जब आप अयोध्या जायँगे तब फिर शस्त्र धारण कर लेना। आप की माता की भी यही आज्ञा थी कि मुनि-वेष बना कर वन में बसना। कुछ क्षत्रिय-वेष बनाने को तो उन्होंने कहा ही न था। जिस धर्म की आपको आज्ञा है वही कीजिए। क्योंकि धर्म ही से अर्थ और धर्म ही से सुख होता है। इस असार संसार में एक धर्म ही सार है। इसलिए आप भी अपने धर्म पर रहिए।

सीताजी के ऐसे वचन सुनकर श्रीरामचन्द्रजी ने कहा कि हे धर्मात्मा जनककुमारी, तुमने जो बातें कही हैं, वे बहुत अच्छी हैं। अब हम तुम्हारी बातों का जवाब देते हैं, सुनो। क्षत्रिय लोग जो धनुष धारण करते हैं, वह इसी लिए कि कोई दुःखी होकर हमको दुःखकी बात न सुनावे। क्षत्रियों को ऐसा बन्दोबस्त करना चाहिए कि किसी के दुःखित वचन उनके कान तक न पहुँचे। सो एक नहीं यहाँ तो अनेक ऋषि दुःखी हो

आये हैं। ये ऋषि लोग इन राक्षसों से बहुत सताये गये हैं। यहाँ के राक्षसों ने बहुत से ऋषि खा डाले हैं। जो बचे हैं वे हमारी शरण आये हैं। हमने उनसे उनको दुःखी देखकर प्रतिज्ञा कर ली है कि हम आपकी सेवा करेंगे और आपके शत्रु राक्षसों का मारेंगे। हे जानकी, हमने मुनि लोगों के सामने ऐसा प्रण किया है। अब, जब तक हमारा शरीर है और जब तक शरीर में प्राण रहेंगे तब तक, उनकी रक्षा करके अपने वचन पूरे करें वचनों से नहीं फिरेंगे। हम चाहे तुमको भी छोड़ दें, और लक्ष्मण को भी छोड़ दें और अपने प्राण भी छोड़ दें परन्तु मुनियों से जो प्रण किया है उसे कभी न छोड़ेंगे। तुमने जो हमारे सुख के लिए कुछ कहा है वह हमारे प्रेम से कहा है, इससे हम बहुत प्रसन्न हैं।

इस प्रकार बात चीत करते हुए श्रीरामचन्द्रजी लक्ष्मण और सीता सहित सुतीक्ष्णजी के आश्रम में पहुँचे। वहाँ सुतीक्ष्णजी से मिल कर और उनके बताये हुए रास्ते से फिर अगस्त्य मुनि के आश्रम को चल दिये जब वहाँ पहुँचे तब इनको देख कर अगस्त्य मुनि बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने तरह तरह के फल, मूल, कन्द इन्हें खाने को दिये। ये रात भर वहीं रहे। जब प्रातःकाल हुआ तब श्रीरामचन्द्रजी ने अपने रहने के लिए अगस्त्यजी से किसी अच्छे स्थान का पता पूछा, तो उन्होंने सब ऋतुओं में सुख देनेवाला "पंचवटी" नामक स्थान जो दण्डक वन में था, बता दिया।

अब अगस्त्य मुनि से विदा होकर श्रीरामचन्द्रजी उनके बताये हुए रास्ते से पञ्चवटी पर पहुँच गये। पञ्चवटी पर पहुँच कर लक्ष्मणजी ने एक बहुत सुन्दर कुटी बनाई। उस कुटी को देखकर श्रीरामचन्द्रजी बड़े प्रसन्न हुए और तीनों उसमें सुखसे रहने लगे।

जब ते राम कीन तहँ बासा।
सुखी भये मुनि बीती त्रासा॥
गिरि बन नदी ताल छवि छाये।
दिन दिन प्रति अति होहिं सुहाये॥
खग मृग बृन्द अनन्दित रहहीं।
मधुप मधुर गुंजत छवि लहहीं॥
सो बन बरनि न सक अहिराजा।
जहा प्रगट रघुबीर बिराजा॥

पञ्चवटी पर रहते हुए श्रीरामचन्द्रजी ने लक्ष्मण को धर्म और नीति के अनेक उपदेश दिये।

इस प्रकार आपस में बातें करते करते बहुत दिन बीत गये। एक दिन सीताजी को साथ लेकर दोनोंभाई गोदावरी नदी में स्नान करने के लिए गये। जब वहा से आकर अपनी कुटी में तीनों सुख से बैठ गये तब उस समय, एक राक्षसी घूमती घामती श्रीरामचन्द्रजी की कुटी के पास आई और उनकी सांवरी सूरत और मोहनी मूरत को देखकर मोहित हो गई। फिर थोड़ी देर में उसने कहा कि तुम मुनियों का वेष बनाये, जटा रखाये और धनुष बाण लिये हुए इस राक्षसो के देश में क्यों आये हो?

यहाँ आने का क्या मतलब है और तुम कौन हो? सब हम को बतलाओ। यह सुन कर श्रीरामचन्द्रजी ने सब बतला दिया कि देवताओं से भी बलवान् राजा दशरथ के हम बड़े बेटे हैं। यह हमारे छोटे भाई लक्ष्मण हैं। यह जनककुमारी हमारी नारी है। सीता इनका नाम है। हम अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करते हुए इस बन में बसते हैं। अब तुम तो बतलाओ, तुम किसकी कन्या हो और क्या तुम्हारा नाम है और तुम किसकी स्त्री हो? वैसे तो तुम वेष से राक्षसी जान पड़ती हो। कहो तो इस निर्जन बन में कैसे आई हो?

राक्षसी ने कहा कि हमारा नाम शूर्पणखा है और हम राक्षसी हैं। जब चाहती हैं तभी हम अपना मनमाना रूप बना लेती हैं। इस बन में हम अकेली ही निडर फिरा करती हैं। तुमने कभी लंकेश्वर राजा रावण का नाम सुना होगा। हम उन्हीं की बहन हैं। हमारे दो भाई और हैं। उनमें एक का नाम विभीषण है। वे बड़े धर्मात्मा हैं। उनका स्वभाव बड़ा नेक है। और, दूसरे कुम्भकर्ण हैं। वे बड़े वीर हैं, पर सोते बहुत दिन तक हैं। इनके सिवा खर, दूषण दो भाई और बड़े बलवान् हैं। हममें भी किसी भाई से कम बल नहीं है। हम आपको अपना पति बनाया चाहती हैं। इसी लिये हम यहां आई हैं। अब आप हमारे पति बनिए। हममें बड़ा तेज और बल है। हम चाहे जहां चली जा सकती हैं। हमारा रोकने वाला कोई नहीं। जो तुम यह कहो कि इस कुरूपा सीता

की क्या गति होगी, सो इसको तो हम तुम्हारे इस भाई सहित खा ही लेंगी । क्योंकि ये मनुष्य तो हैं ही ।

यह सुनकर श्रीरामचन्द्रजी ने शूर्पणखा से हँसकर धीरे से कहा कि हमारा तो विवाह हो गया । देखो, हमारी प्राणप्यारी स्त्री यह बैठी है । अब हम दूसरा विवाह नहीं कर सकते । हाँ, यह हमारे छोटे भाई लक्ष्मण बड़े शूरवीर हैं और रूपवान् भी हैं । तुम इनके साथ जरूर विवाह कर लो । इनके साथ तुम अकेली भी रहोगी और सौतिया-डाह भी न होगा । अब शूर्पणखा ने लक्ष्मणजी से जाकर कहा कि आप हमारे साथ विवाह कर लें । हमसे अच्छी खूबसूरत स्त्री आपको और कोई नहीं मिलेगी । लक्ष्मणजी ने मुसकरा कर कहा कि हे मृगनयनी, हम तो श्रीरामचन्द्रजी के दास हैं । भला तुम क्यों दासी बनना चाहती हो ? हमारी तरह तुम भी पराधीन हो जाओगी। पराधीनता में सुख कहाँ ! किसीने कहा है कि 'पराधीन सपनेहु सुख नाहीं' । इस लिए तुम हमारे बड़े भाई की ही दूसरी स्त्री बनो । तुम्हारे हमारे रंग में भी तो भेद है । इनकी यह स्त्री तो तुम्हारी समझ में कुरूपा, कुबरी और बूढ़ी है ही, बस तुम्हारे मिलते ही वे इसे छोड़ देंगे ।

अब वह राक्षसी फिर श्रीरामचन्द्रजी के पास आई । उन्होंने फिर लक्ष्मणजी के पास भेज दिया । इसी तरह जब कई बार लौटा पौटी हुई तब राक्षसी, यह विचार कर कि इस सीता के सामने ये मुझे पसन्द नहीं करते, उनसे कहने लगी कि हम तुम्हारे देखते ही देखते इस स्त्री को

खाये लेती हूँ। फिर हम अकेली येसीत की हां, तुम्हारे साथ विचरेंगी। यह कह कर वह राक्षसी मुँह फाड़ और आँखें निकाल कर जानकीजी की ओर दौड़ी। इसे आती हुई देखकर सीताजी बहुत घबराई। यह देख श्रीराम चन्द्रजी ने क्रोध में आकर शूर्पणखा को पकड़ कर लक्ष्मण जी से कहा कि देखो भाई, नीचों से कभी हँसी ठट्ठा नहीं करना चाहिए। देखो यह तो अभी सीताजी को खाये लेती थी। देखो सीताजी डर से कैसी काँप रही हैं। अब तुम जल्द इस दुष्टा राक्षसी का कोई अङ्ग काट लो। इतना सुनते ही लक्ष्मणजी ने तलवार से झट उस राक्षसी के नाक कान काट लिये। खून की धारा बहने लगी। अब वह नकटी और कनकटी शूर्पणखा, जिसके नाक के से नख थे बड़े ज़ोर से रोती हुई इधर उधर वन में फिरने लगी। *श्रीरामचन्द्रजी को गालियाँ देती हुई वह* अपने भाई खरदूषण के पास दौड़ी हुई गई। वहाँ जाकर रोती हुई धड़ाम से धरती पर गिर पड़ी।

जब उसके भाई खर ने अपनी बहन के नाक कान कटे देखे तब क्रोध में लाल आँखें करके बोला – हे बहन, उठो, यह किसने तुम्हारे नाक कान काटे हैं? भला वह कौन है जिसने ज़हर से भरे हुए काले साँप को उँगली से छेड़ा है? वह कौन है जिसने काल-फाँसी में अपना गला डाला है? वह तो किस खेत की मूली है, देवताओं का राजा इन्द्र भी हमसे बैर बाँध कर सुख से नहीं सो सकता। जिसने तुम्हारे साथ यह बुरा बर्ताव किया है,

वह आज ज़रूर हमारे पैने पैने तीरों से मारा जायगा। हम नहीं जानते, आज किसके सिर पर काल खेल रहा है? आज किसके मास से चील कौओं का पेट भरेगा? हे बहन, उठो, बतला तो वो वह है कौन, जिसने तुम्हारी यह दशा बनाई है?

अब शूर्पणखा क्रोध से रोती हुई अपने भाई से बोली—भाई, रूपवान्, शूर, बीर, तपस्वी, राजा दशरथ के पुत्र दोनों भाई इस बन में ठहर रहे हैं और एक बड़ी ख़ूब सूरत सीता नाम की स्त्री उनके साथ है। उन्हीं दोनों ने हमारे नाक कान काट लिये हैं। अब मैं जब तक उनका ख़ून न पीलूँ तब तक मुझे चैन नहीं पड़ेगी। यही पहले पहल तुमसे काम पड़ा है। बस इसे कर दो। नहीं तो मैं मर जाऊँगी।

इतना सुन कर शूर्पणखा के भाई ने क्रोध में भरकर अपने सेनापति को बुलाकर कह दिया कि तुम (१४०००) चौदह हज़ार राक्षसों को ले जाओ। इस बन में दो भाई स्त्री सहित ठहरे हैं, उन्हें पकड़ कर जल्द ले आओ, जिससे हमारी बहन उनका ख़ून पीले। इतना सुनते ही वह सेनापति बहुत से राक्षसों को साथ लेकर और शूर्पणखा को आगे करके श्रीरामचन्द्रजी के पकड़ने को चल दिया।

काले बादल की तरह आती हुई राक्षसों की सेना को देखकर श्रीरामचन्द्रजी ने अपने भाई से कहा कि लक्ष्मण, तुम यहीं बैठो और सीताजी की रक्षा करो। हम अकेले ही इन राक्षसों को, जिन्हें शूर्पणखा चढ़ा कर लाई है,

मारेंगे। अब श्रीरामचन्द्रजी कवच पहन कर, धनुष को टंकारते हुए राक्षसों की ओर चल दिये और बोले—रे राक्षस लोगो, हम राजा दशरथ के पुत्र-पतोहू इस वन में आये हैं और तपस्या करते हैं। तुम हम पर क्यों चढ़े आते हो? हमने ऋषियों से प्रतिज्ञा कर ली है कि हम पापी राक्षसों को मारेंगे। इसी लिए हम धनुष पर डोर चढ़ाये हुए हैं। जो तुम लोगों को अपने प्राण प्यारे हों तो यहाँ से भाग जाओ, नहीं तो हमारे सामने खड़े हो जाओ। ऐसो भागना मत। राक्षस भी बड़े निडर थे। वे हँस कर कहने लगे कि ओहो! हमारे राजा खर को छेड़ कर तुम जीते रहना चाहते हो? भला! हमारी इतनी भारी सेना से तुम अकेले ही लड़ोगे? अजी, लड़ना तो क्या तुम तो हमारे सामने ठहर भी नहीं सकते। यह कह कर राक्षस लोग अपने अपने शस्त्र उठा कर श्रीरामचन्द्रजी पर हमला करने को दौड़े।

अब श्रीरामचन्द्रजी पर राक्षस लोग तीरों की वर्षा करने लगे और श्रीरामचन्द्रजी भी अपने पैने पैने तीरों से उनके तीरों को काटने लगे। थोड़ी ही देर में श्रीरामचन्द्रजी ने उन सब राक्षसो को मार गिराया। जब सब राक्षस मर गये तब शूर्पणखा रोती हुई दौड़कर फिर खर के पास गई और चिल्लाकर कहने लगी कि हमारे नाक कान कटे सो कटे, पर तुम्हारे भी सब राक्षस मारे गये। हमको तो अब बड़ाही डर मालूम होता है। तुम हमारी रक्षा क्यों नहीं करते। हमारी समझ में तो तुम

रामचन्द्र के सामने खड़े भी नहीं रह सकते। वे तो अकेले ही सबको मार डालते हैं। अरे उनका छोटा भाई भी बड़ा बलवान् है। जब वे दोनों भाई मिलकर मारना शुरू करेंगे तब क्या ठीक रहेगा! जो तुम कुछ अपने को शूर-वीर समझते हो तो जल्द राम को मारो। पर तुमसे भी कुछ नहीं हो सकेगा। शूर्पणखा के वचन सुनकर खर ने कहा कि तुम्हारे ऐसा कहने से हमें बड़ी शर्म आती है, क्रोध भी होता है और हँसी भी आती है। हम तो रामचन्द्र को कुछ भी नहीं समझते। वे तो आज ही हमारे हाथ से मारे जायँगे। उनको तो तुम मरा ही समझो। हे बहन, हमारे शस्त्रों से कटे हुए रामचन्द्र का गर्म गर्म लोहू आज तुम पीओगी! यह कह कर खर ने अपनी बहुत सी सेना तैयार कराई और उसको साथ लेकर वह जनस्थान को चल दिया।

अब आती हुई राक्षसों की सेना को देखकर श्रीरामचन्द्रजी लक्ष्मणजी से बोले—भाई, देखो राक्षसों के आगे कैसे बुरे बुरे शकुन दिखाई पड़ रहे हैं। देखो हमारी दहनी भुजा फड़क रही है। हमारी समझ में तो आज बड़ा भारी युद्ध होगा। हमारी जीत होगी और राक्षस मारे जायँगे। अब तुम सीताजी को ले जाकर पर्वत की गुफा में जा बैठो। देर न करो। यह तो हम जानते हैं कि इन सब राक्षसों को तुम अकेले ही मार सकते हो, पर हमारी यही इच्छा है कि इनको हम मारें।

शूर्पणखा के नाक कान कटे देखकर और खर दूषण आदि बड़े बड़े वीर राक्षसों का मरना सुनकर रावण को बड़ा ही क्रोध आया। सोच विचार कर वह मारीच राक्षस के पास पहुँचा और पहुँच कर बोला—हे मारीच, तुमने सुना ही होगा कि हमारे जनस्थान के सब राक्षसे दशरथ के बेटे रामचन्द्र ने मार दिये और हमारी बहन शूर्पणखा के नाक कान काट लिये हैं। इसका मुझे बहुत ही शोक है। हे मारीच, रामचन्द्र ने हमारे निरपराध वीरों को मारा है और हमारी बहन के नाक कान काटे हैं, इसलिए इसके बदले में, हम उनकी प्यारी स्त्री सीता को लेना चाहते हैं। इसमें तुम सहायता करो तो बड़ा काम हो। तुम एक काम करो कि एक सोने के खूबसूरत हिरन का रूप बना लो और सीता के सामने से निकल वन में दूर जा चरो। बस, सीता तुमको देखकर रामचन्द्र से तुम्हें पकड़ने को कहेगी। अब दोनों भाई तुमको पकड़ने के लिए दौड़ेंगे तब पीछे हम सीता को चुरा कर ले आवेंगे। बस, फिर रामचन्द्र सीता के वियोग में आप ही मर जायँगे।

इतनी सुनते ही मारीच का मुँह सूख गया। सासी जाती रही। आँखें खुली की खुली रह गईं। होठ चाटने लगा। मुँह पर मुर्दनी छा गई। विश्वामित्र के आश्रम की लड़ाई आँखों के सामने फिरने लगी। जी घबरा गया। थोड़ी देर बड़ी सावधानी से रावण से बोला—हे लंकेश, यह कौन सा तुम्हारा वैरी है जिसने तुमको

श्रीसीताजी के चुरा लाने की सलाह दी है ? क्या वह तुम्हारा पुराना वैरी है जो तुम्हारा नाश चाहता है ? ज़रूर वह तुम्हारा पूरा वैरी है जो तुम्हारे हाथ से ज़हरीले साँप के दाँत उखड़वाना चाहता है। हे रावण, तुमको यह किसने सलाह दी है ? पुरुषसिंह श्रीरामचन्द्रजी के छेड़ने को तुम्हें किसने उकसाया है ? तुम तो क्या, सारी दुनिया के राक्षस भी श्रीरामचन्द्रजी की बराबरी नहीं कर सकते। हे रावण, राक्षसों के लिए तो श्रीरामचन्द्रजी काल-रूप हैं। जो तुम अपना भला चाहते हो तो चुपके से लङ्का को लौट जाओ; श्रीसीताजी के चुराने का नाम न लो। हे रावण; कहीं तुम्हारे नाश के लिए ही तो श्रीसीताजी का जन्म नहीं हुआ ! अरे, तुमसे तो श्रीरामचन्द्रजी के पैने पैने तीर सहारे भी नहीं जायँगे। याद रखना, जो तुम श्रीसीताजी को चुरा भी लाये तो जिस समय श्रीरामचन्द्रजी के सामने आओगे, जीते न बचोगे।

इस प्रकार मारीच ने रावण को बहुत ही समझाया, परन्तु उस मूर्ख की समझ में काहे को आने लगा था। यहाँ तक कि रावण मारीच के समझाने से रुष्ट हो गया। तब मारीच ने विचारा कि जो मैं रावण का कहा न करूँगा तो यह दुष्ट मुझे मार डालेगा। इसलिए श्रीरामचन्द्रजी के ही हाथ से मौत हो तो अच्छा। यह विचार कर मारीच ने रावण से कहा कि अच्छा चलो, जो तुम्हारी इच्छा। हम तो मारे ही जायँगे, पर याद रखना, तुम भी नहीं बच सकोगे और सारी लङ्का ऊजड़ हो जायगी।

लाचार हो, मारीच रावण के साथ श्रीरामचन्द्रजी के पास चल दिया। वहाँ पहुँच कर वह बड़ा सुन्दर हिरन बन गया और श्रीरामचन्द्रजी की कुटी के पास घूमने लगा। उस समय मारीच ऐसा मनोहर मृग बना हुआ था कि उसको देख कर सबका जी ललचाता था। बड़ी सुघड़ाई से धीरे धीरे उछलता कूदता फिरता था। सुनहरे रूप में रुपहली टिकली बहुत ही भली मालूम देती थी। उसका मटक मटक कर हरी हरी घास चरना देखने वालों का मन हर लेता था। यहाँ तक कि वह श्रीसीताजी के पास पहुँच गया। अब कभी इधर कूद जाता है, कभी उधर। वह चाहता था कि किसी तरह श्रीसीताजी की नज़र मुझ पर पड़े। जब श्रीसीताजी ने उसे देख लिया तब वह हिरन और भी ज़ोर से वन में कूदने लगा। उसको देख कर श्रीसीताजी का मन ललचा तब वह श्रीरामचन्द्रजी से बोलीं,

प्रभु लछमनहि कहा समझाई ।
फिरत बिपिन निशिचर बहु भाई ॥
सीता केरि करहु रखवारी ।
बुधि बिबेक बल समय बिचारी ॥

इस प्रकार श्रीरामचन्द्रजी लछमणजी को सब तरह समझा कर हिरन के मारने के लिए चल दिये । अब मरने के डर से वह मारीच कभी दीखने लगता था और कभी छिप जाता था । कभी दूर निकल जाता था और कभी पास आ जाता था । श्रीरामचन्द्रजी उसके पीछे पीछे फिरते थे । जब दूर चले गये तब वह सोने का हिरन साधारण मृग का रूप बना कर फिरने लगा । निशाना जमा कर श्रीरामचन्द्रजी ने उसके एक बाण ऐसा मारा कि उसके पार हो गया । तीर के लगते ही मारीच ऊँचा उछल कर पृथ्वी पर गिर पड़ा और मरने से पहले उसने श्रीरामचन्द्रजी की बोली में "हा सीता ! हा लछमण !" बड़े ज़ोर से पुकारा । उस समय श्रीरामचन्द्रजी ने सोचा कि इस छलिया की आवाज़ को सुन कर सीताजी की बड़ी बुरी दशा होगी । लछमण तो चाहे सावधान रहें, पर वे भी सन्देह में तो ज़रूर पड़ ही जायँगे, पर सीताजी बहुत घबरायेंगी । यह बिचार करते करते श्रीरामचन्द्रजी अपनी कुटी की ओर चल दिये ।

उस मारीच ने, मरते समय, श्रीरामचन्द्रजी की आवाज़ में, जो "हा सीता ! हा लछमण !" कहा था, उसको सुन कर सीताजी के मन में बड़ी चिन्ता हुई । उन्होंने

लाचार हो, मारीच रावण के साथ श्रीरामचन्द्रजी के पास चल दिया। वहाँ पहुँच कर वह बड़ा सुन्दर हिरन बन गया और श्रीरामचन्द्रजी की कुटी के पास घूमने लगा। उस समय मारीच ऐसा मनोहर मृग बना हुआ था कि उसको देख कर सबका जी ललचाता था। बड़ी सुन्दराई से हौले हौले उछलता कूदता फिरता था। सुनहरे रूप में रुपहली टिकली बहुत ही भली मालूम देती थी। उसका मटक मटक कर हरी हरी घास चरना देखने वालों का मन हर लेता था। यहाँ तक कि वह श्रीसीताजी के पास पहुँच गया। अब कभी इधर कूद आता है, कभी उधर। वह चाहता था कि किसी तरह श्रीसीताजी की नजर मुझ पर पड़े। जब श्रीसीताजी ने उसे देख लिया तब वह हिरन और भी ज़ोर से बन में कूदने फाँदने लगा। उसको देख कर श्रीसीताजी का मन ललचा गया। तब वह श्रीरामचन्द्रजी से बोलीं—

सुनहु देव रघुवीर कृपाला।
इहि मृग कर अति सुन्दर छाला॥
सत्यसिन्धु प्रभु बध कर एही।
आनहु चर्म कहति बैदेही॥
तब रघुपति जाना सब कारन।
उठे हर्षि सुर-काज सँवारन॥
मृग बिलोकि कटि परिकर बाँधा।
करतल चाप रुचिर शर साँधा।

ऐसे वचन न कहने चाहिए । हम किसी तरह भी तुमको अकेली छोड़ कर नहीं जायँगे । तुम शोक को दूर कर धीरज से बैठी रहो । अभी राक्षस को मार कर श्रीरामचन्द्रजी आते होंगे । यह आवाज़ उनकी नहीं है, वरन् राक्षस की है । इसलिए तुम घबराओ मत । देखो, जब से खर मारा गया है तब से राक्षसों का और हमारा पूरा वैर हो गया है, इसलिए हम तुम्हें अकेली कैसे छोड़ दें? यह सुन कर सीताजी क्रोध में लाल आँखें करके बोलीं—अरे नीच, तुम राक्षसों की रक्षा चाहते हो । बड़े निर्लज्ज हो । रामचन्द्रजी को दुखी देख कर तुमको कुछ भी तरस नहीं आता । हे लक्ष्मण, हमने तुमको अब जाना । तुम्हारे कुटिल स्वभाव को हमने अब पहचाना । तुम्हारा तो बड़ा खोटा स्वभाव है । तुम ज़रूर कैकेयी से सलाह करके आये हो । पर तुम्हारी इच्छा पूरी न होगी । हम तो अपने स्वामी के सिवा किसी पुरुष को स्वप्न में भी नहीं चाहतीं । तुम्हारे देखते ही देखते हम अपने प्राण छोड़ देंगी । हे लक्ष्मण, बिना श्रीरामचन्द्रजी के हम गोदावरी में डूब जायँगी, विष खा लेंगी, या आग में जलकर मर जायँगी, या अपने को फाँसी दे लेवेंगी, पर उनको छोड़ हम किसी दूसरे पुरुष को नहीं छुएँगी । तब लक्ष्मणजी ने हाथ जोड़ कर कहा कि आप हमारी माता हैं, इसलिए हम जवाब नहीं दे सकते । तुम्हारा ऐसा कहना कुछ नई बात नहीं है, क्योंकि हो तो स्त्री ही । स्त्रियों के स्वभाव ही ऐसे होते हैं कि वे बिना विचारे ही जो मन में आता है कह बैठती हैं ।

कि श्रीरामचन्द्रजी राक्षसों के फन्दे में फँस गये हैं। इस लिए संकट पड़ने पर हमको याद किया है। इस तरह सीताजी के मन में तरह तरह के विचार उठने लगे। वे लक्ष्मण से बोलीं—हे लक्ष्मण जाकर देखो तो तुम्हारे भाई कैसे हैं। इस समय हमारा कलेजा धड़क रहा है। हम बहुत बेचैन हैं। क्योंकि ये दुःख के वचन तुम्हारे भाई के मुँह से निकले हैं। तुम उनकी रक्षा के लिए उनके पास जाओ। लक्ष्मणजी ने कहा कि मुझे रामचन्द्रजी ने यह आज्ञा नहीं दी है कि तुमको अकेली छोड़ूँ। इसलिए मैं नहीं जा सकता। इतना सुन कर सीताजी को बड़ा क्रोध आया और बोलीं—हे लक्ष्मण, बड़े शोक की बात है कि तुम अपने भाई के प्यारे बन कर भी विपत्ति में उनकी सहायता नहीं करते। तुम उनके भ्राता नहीं वरन् घातक हो, जो ऐसे समय में भी उनके पास नहीं जाते। क्या तुम यह चाहते हो कि रामचन्द्र मारे जायँ और सीता को हम अपने वश में करलें। जरूर तुम्हारे मन में पाप बसा हुआ है। हमारे ही लालच से तुम उनके पास नहीं जाते। अरे! तुमको श्रीरामचन्द्रजी से कुछ भी प्रेम नहीं। हाय! अब हम अकेली क्या करें। इस प्रकार कहती कहती सीताजी रोने लगीं।

उस समय लक्ष्मणजी ने सीताजी को बहुत समझाया और कहा कि हे वैदेहि! राक्षस की तो क्या किसी देवता की भी शक्ति नहीं कि श्रीरामचन्द्रजी को दुःख दे सके, मारना तो अलग रहा। इस कारण तुमको अपने मुँह से

ऐसे वचन न कहने चाहिए। हम किसी तरह भी तुमको अकेली छोड़ कर नहीं जायँगे। तुम शोक को दूर कर धीरज से बैठी रहो। अभी राक्षस को मार कर श्रीराम चन्द्रजी आते होंगे। यह आवाज़ उनकी नहीं है, वरन् राक्षस की है। इसलिए तुम घबराओ मत। देखो, जब से खर मारा गया है तब से राक्षसों का और हमारा पूरा बैर हो गया है, इसलिए हम तुम्हें अकेली कैसे छोड़ दें? यह सुन कर सीताजी क्रोध में लाल आँखें करके बोलीं—अरे नीच, तुम राक्षसों की रक्षा चाहते हो। बड़े निर्लज्ज हो। रामचन्द्रजी को दुखी देख कर तुमको कुछ भी तरस नहीं आता। हे लक्ष्मण, हमने तुमको अब जाना। तुम्हारे कुटिल स्वभाव को हमने अब पहचाना। तुम्हारा तो बड़ा खोटा स्वभाव है। तुम ज़रूर कैकेयी से सलाह करके आये हो। पर तुम्हारी इच्छा पूरी न होगी। हम तो अपने स्वामी के सिवा किसी पुरुष को स्वप्न में भी नहीं चाहतीं। तुम्हारे देखते ही देखते हम अपने प्राण छोड़ देंगी। हे लक्ष्मण, बिना श्रीरामचन्द्रजी के हम गोदावरी में डूब जायँगी, विष खा लेंगी, या आग में जलकर मर जायँगी, या अपने को फाँसी दे लेवेंगी, पर उनको छोड़ हम किसी दूसरे पुरुष को नहीं छुएँगी। तब लक्ष्मणजी ने हाथ जोड़ कर कहा कि आप हमारी माता हैं, इसलिए हम जवाब नहीं दे सकते। तुम्हारा ऐसा कहना कुछ नई बात नहीं है, क्योंकि हो तो स्त्री ही। स्त्रियों के स्वभाव ही ऐसे होते हैं कि वे बिना विचारे ही जो मन में आता है कह बैठती हैं।

ये तुम्हारे कठोर वचन हमारे हृदय में तीर से लगते हैं। और हमारी इच्छा तो यही थी कि तुमको अकेली छोड़ कर कहीं न जायँ, पर अब हमसे तुम्हारे वचन नहीं सह जाते। हम तो श्रीरामचन्द्रजी के पास जाते हैं, पर तुम्हारा कल्याण हो। इस समय हमको बड़े बुरे शकुन दिखाई दे रहे हैं। परमात्मा करे कि हम दोनों भाई आकर तुमको यहाँ राज़ी ख़ुशी देखें।

लक्ष्मणजी ने सीताजी को बहुत कुछ समझाया, परन्तु उन्होंने एक भी न मानी। लाचार लक्ष्मणजी को भी क्रोध आ गया। वे श्रीरामचन्द्रजी की खोज में चल दिये। उधर रावण तो ताक में लगा ही हुआ था। बस, सीताजी को कुटी में अकेली देख संन्यासी साधु का वेष बनाकर वह उनके पास आया और उनकी बड़ाई करके कहने लगा कि हे देवि, तुम कौन हो? यहाँ किस लिये आई हो? वह पुरुष बड़ा भाग्यवान् है जिसको तुम मिली हो। तुम किस की स्त्री हो? तुम यहाँ रहने लायक नहीं हो। सीताजी ने सच्चा साधु समझ कर उसके बैठने को आसन दिया और फलमूल खाने को दिये। फिर सीताजी ने अपना सब ब्यौरेवार पता बता दिया। रावण ने सोचा कि अब देर नहीं करनी चाहिए। राम लक्ष्मण के आने से पहले ही सीता को ले चलना चाहिए। यह विचार कर बोला—तुम्हारा तो सब पता हमने जान लिया। अब हमारा हाल सुनो। देखो, जिसके डर से देवता, असुर, और मनुष्य सदा काँपते रहते हैं हम वही राक्षसों

के राजा रावण हैं। अब हम तुमको लङ्का में ले जायँगे और तुम को अपनी पटरानी बनावेंगे। वहाँ सुख से रहना और अच्छे अच्छे गहने कपड़े पहनना।

अब तो इतना सुनतेही सीताजी की देह में आग लग गई। वे बड़े क्रोध में होकर बोलीं—रे नीच, हम महाराज श्रीरामचन्द्रजी की पतिव्रता स्त्री हैं भला सिंह की स्त्री को तुम गीदड़ कैसे ले जाओगे। क्या तुम्हारा काल निकट आ पहुँचा! अरे जैसे सूर्य्य की प्रभा को कोई नहीं छू सकता वसेही तुम भी हमको नहीं छू सकते। अरे! तुम सिंह के मुँह से मृग और विषधर सप के मुँह से दाँत निकालने की इच्छा करते हो। अरे तुम पहाड़ को फूँक से उड़ाना चाहते हो। अरे तुम तो सुई से आँख खुजाते हो, जो हमें कुदृष्टि से देखते हो। अरे तुम तो गले में पत्थर बाँध कर समुद्र उतरा चाहते हो जितना भेद सिंह और गीदड़ में, समुद्र और पोखर में, सोने और लोहे में, चन्दन और धतूरे में, हंस और गिद्ध में और अमृत और विष में है उतना ही श्रीरामचन्द्रजी में और तुम में है। अरे मूर्ख! जब तक श्रीरामचन्द्रजी धनुष बाण लिये इस पृथ्वी पर हैं तब तक हमको कोई नहीं ले जा सकता। इतना कह कर सीताजी डर के मारे काँपने लगीं। सीताजी के ऐसे वचन सुन कर रावण को भी बड़ा क्रोध आया और बोला—हे सीते, हम कुबेर के सौतेले भाई हैं। रावण हमारा नाम है। हमारे भाई और बेटे बड़े बलवान् हैं। हमारे बल का तो कुछ ठिकाना ही नहीं है। औरों

क्या गिनती, देवता भी हमारे डर से काँपते हैं। जब हमने युद्ध में खड़े होकर अपने भाई कुबेर को भी जीत लिया और उसको लङ्का से निकाल दिया और उसका पुष्पक विमान भी हमने छीन लिया तब औरों की क्या गिनती! जब कभी हम क्रोध करते हैं तब इन्द्र भी सामने नहीं पड़ता। जहाँ हम बैठते हैं वहाँ पवन भी डर कर मन्द मन्द चलता है। हमारी लङ्कापुरी इन्द्रपुरी से भी बढ़ी है। वहाँ सोने के महल और समुद्र की खाई है। जब तुम हमारे साथ हमारे पुष्पित बगीचों में विचरोगी तब तुम रामचन्द्र को बिल्कुल भूल जाओगी। अब तुम हमको पति बनाओ और नाहीं मत करो। रामचन्द्र तो हमारी एक उँगली के बराबर भी नहीं है।

यह सुनकर सीता ने कहा—बड़े शोक की बात है कि कुबेर के भाई होकर तुम पराई स्त्री पर मन चलाते हो। जो तुम ऐसा चाहते हो तो ज़रूर सब राक्षसों का नाश हो जायगा और तुम्हारी लङ्कापुरी भी उजाड़ हो जायगी। अरे मूर्ख! इन्द्र की स्त्री इन्द्राणी को चुराने वाला चाहे बच जाय, पर श्रीरामचन्द्रजी की स्त्री को चुराने वाला नहीं बच सकता। श्रीरामचन्द्रजी की स्त्री को ज़बरदस्ती से चुराने वाला तो अमृत पीकर भी जीता नहीं रह सकता। इतना सुन कर रावण क्रोध में भर और अपना शरीर बढ़ा कर बोला—हे जानकी! देखो हम कितने बड़े डील-डौल के हैं। देखो हम आकाश में खड़े हो सारी पृथ्वी को उठा सकते और समुद्र पी सकते हैं।

हम अपने बाणों से सूर्य्य के टुकड़े टुकड़े कर सकते हैं। हम मृत्यु को भी मार सकते हैं। हे सीता, जो तुम सारे संसार में उत्तम पति चाहती हो तो हमारे साथ चल लङ्का में बसो।

रावण की यह दशा देख सीताजी मूर्छित हो गई और रावण ने बायें हाथ से सिर और दाहिने हाथ से पैर पकड़ सीताजी को रथ में डाल लिया। जब सीताजी की मूर्छा जागी तब "हा राम! हा राम!" कह कह रोने लगीं। रावण ने रथ भगा दिया। फिर सीताजी विलाप करने लगीं—

"हा जगदीश! देव! रघुराया।
केहि अपराध बिसारेहु दाया॥
आरतहरण! शरण! सुखदायक!।
हा! रघुकुलसरोज दिन-नायक!॥
हा! लषमण तुम्हार नहिं दोषा।
सो फल पायउँ कीन्हेउँ रोषा॥
कैकेई मन जो कछु रहेऊ।
सो विधि आजु मोहिं दुख दयेऊ॥
पंचवटी के खग मृग जाती।
दुखी भये सनचर बहु भाँती॥
विविध विलाप करत वैदेही।
भूरि कृपा प्रभु दूरि सनेही॥

कह सुनाया । हनुमान्‌जी ने श्रीरामचन्द्रजी से कहा कि "महाराज ! आप सुग्रीव से मित्रता कर लीजिए तो वह सीताजी के ढूँढ़ने के लिए बहुत से बन्दर इधर उधर भेज देंगे । इस तरह बहुत जल्द सीताजी का पता लग जायगा । और आप बाली को मारकर सुग्रीव की स्त्री को दिला दीजिए । इस तरह दोनों का काम हो जायगा"। हनुमान्‌जी के ऐसे बुद्धिमानी के वचन सुनकर श्रीराम चन्द्रजी के भी जी में आ गया कि इस समय सुग्रीव से ज़रूर मित्रता कर लेनी चाहिए ।

बस अब हनुमान्‌जी दोनों भाइयों को सुग्रीव के पास ले गये और दोनों की मित्रता करा दी । श्रीरामचन्द्रजी ने यह प्रतिज्ञा कर ली कि "मैं बाली को मार कर सुग्रीव को उसकी स्त्री और किष्किन्धा का राज दिला दूँगा"। और सुग्रीव ने भी प्रतिज्ञा कर ली कि "मैं अपनी सेना को चारों ओर भेजकर सीताजी की ख़बर मँगा दूँगा"। इस तरह जब दोनों की प्रतिज्ञा हो गई तब सुग्रीव को कुछ सन्देह हुआ कि ये दोनों भाई तो देखने में बहुत ही छोटे हैं और बाली महाबली है । उसको ये कैसे मारेंगे ? यह विचार कर सुग्रीव श्रीरामचन्द्रजी से बोला कि "महाराज ! जब तक आपका बल पौरुष मैं अपनी आँखों से न देख लूँ तब तक मुझे कैसे विश्वास हो कि आप बाली को मार सकेंगे ? क्योंकि मैं बाली के बल को अच्छी तरह जानता हूँ । वह बड़ा बली है"। श्रीरामचन्द्रजी ने कहा कि "जिस तरह तुमको विश्वास हो वैसा करो"।

तब सुग्रीव ने श्रीरामचन्द्रजी को ताल के सात पेड़ दिखलाये। ये पेड़ चक्करदार गोल बाँधे पृथ्वी पर खड़े थे। सुग्रीव ने कहा कि यदि आप इन पेड़ों को अपने बाण से बींध दें तो मुझे भरोसा हो जायगा कि आप बाली को मार सकेंगे। श्रीरामचन्द्रजी ने एक ही बाण से उन सात ताल के पेड़ों को एक बार में ही बींध दिया। तब श्रीरामचन्द्रजी का बाण उन तालों को पार कर फिर उनके तरकस में आ गया तब सुग्रीव को बड़ा आनन्द हुआ और बाली के मारने का पक्का भरोसा हो गया।

अब श्रीरामचन्द्रजी के कहने से सुग्रीव बाली से लड़ने के लिए किष्किन्धा पुरी को गया और जाकर बाली के दरवाज़े पर लगा बड़े ज़ोर से गर्जने और किलकारी मारने। जब इसके गर्जने की आवाज़ बाली के कानों में पड़ी तब बाली को बड़ा क्रोध आया। वह मन में कहने लगा कि यह तो बहुत दिक करता है। कई बार मैंने इसे युद्ध में हराया है पर तो भी इसको बिना लड़े कल नहीं पड़ती। अब की मैं फिर के लिए कुछ झगड़ा बाक़ी नहीं छोड़ूँगा। अबकी बार इसका काम ही तमाम कर दूँगा। यह सोच कर बाली अपनी गदा उठा कर कूदता हुआ सुग्रीव के पास आया और बड़े ज़ोर से बोला कि अब की बार सावधान होकर लड़ना। देखो, अब तुमको मैं जीता नहीं छोड़ूँगा। इस तरह कहते सुनते दोनों लड़ाई के मैदान में पहुँच गये। लड़ाई होने लगी।

श्रीरामचन्द्रजी बाली के मारने के लिए पहले ही से एक वृक्ष की ओट में खड़े थे। वृक्ष की ओट में खड़े होने का कारण यह था कि बाली को यह वरदान मिला हुआ था कि "जो तुम्हारे सामने तुमसे युद्ध करने को कोई आवेगा उसका आधा बल तुममें आ जायगा" इसीलिए जब जब सुग्रीव बाली के लड़ने के लिए उसके सामने जाता था, तब तब उसका आधा बल बाली में चला जाता था और इसी लिए बार बार सुग्रीव की हार होती थी। इस वरदान का सब भेद सुग्रीव ने श्रीरामचन्द्रजी से पहले ही कह दिया था। इसीलिए श्रीरामचन्द्रजी वृक्ष की आड़ में खड़े खड़े बाली के मारने का दाँव देख रहे थे।

पुनि नाना विधि भई लराई।
विटप ओट देखहिं रघुराई॥
बहु छल बल सुग्रीव कर, हृदय हारि भय मान।
मारा बालिहि राम तब, हिये माँझ शर तान॥

बाली को मारकर श्रीरामचन्द्रजी ने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की। सुग्रीव को किष्किन्धापुरी का राजा और बाली के पुत्र अङ्गद को वहाँ का छोटा राजा बना दिया। अब सुग्रीव अपनी स्त्री और राज्य को पाकर आनन्द में रहने लगा। वर्षा ऋतु आ जाने से राम और लक्ष्मण भी वहीं, जङ्गल में, एक गुफा में रहने लगे। वर्षा के बीत जाने पर श्रीरामचन्द्रजी ने लक्ष्मण से कहा—

वर्षा गत निर्मल ऋतु आई।
सुधि न तात! सीता की पाई॥

एक बार कैसेहु सुधि पावौं ।
कालहु जीति निमिष महँ ल्यावौं ॥
कतहुँ रहै जो जीवत होई ।
तात यतन करि आनौं सोई ॥
सुग्रीवहि सुधि मोरि बिसारी ।
पावा राज्य कोष पुर नारी ॥
जेहि सायक मैं मारा बाली ।
तेहि शर हतौं मूढ़ कहँ काली ॥

अब श्रीरामचन्द्रजी के ऐसे वचन सुन कर लक्ष्मणजी को बड़ा क्रोध आया। श्रीरामचन्द्रजी ने लक्ष्मणजी का क्रोध शान्त करके उनसे कह दिया कि "भाई, क्रोध का समय नहीं है"।

"भय दिखाय लै आवहु, तात सखा सुग्रीव"।

इधर श्रीरामचन्द्रजी की आज्ञा पाकर लक्ष्मणजी सुग्रीव के बुलाने के लिए किष्किन्धा पुरी को चल दिये। उधर हनुमान्‌जी को यह सोच हुआ कि राजा सुग्रीव अपनी प्रतिज्ञा को भूल गये। यह अच्छा नहीं हुआ। तब हनुमान्‌जी झट सुग्रीव के पास गये और सीताजी के ढुँढवाने की बात याद दिलाई। अब तो सुग्रीव को अपनी प्रतिज्ञा के भूल जाने पर बड़ा पछतावा आया और वह मन में बहुत डरा कि कहीं श्रीरामचन्द्रजी मुझ पर क्रुद्ध न हो जायँ। यह विचार कर सुग्रीव ने अपने मन्त्री हनुमान्‌जी को आज्ञा दी कि बहुत से बन्दरों को जहाँ तहाँ सीताजी की सुधि लेने को भेजो और कह दो कि जो पन्द्रह

दिन के भीतर लौट कर न आयेगा वह हमारे हाथ से मारा जायगा। हनुमानजी ने जहाँ तहाँ तुरन्त बन्दर भेज दिये। इतने ही में लक्ष्मणजी भी आ पहुँचे। उस समय लक्ष्मणजी की आँखें क्रोध में लाल हो रही थीं। लक्ष्मणजी को देखते ही सुग्रीव के होश उड़ गये। जैसे तैसे हनुमानजी ने इनका क्रोध शान्त किया और सुग्रीव, अङ्गद और हनुमान् आदि अनेक बन्दर तुरन्त लक्ष्मणजी के साथ रामचन्द्रजी के पास आये। सुग्रीव ने हाथ जोड़कर श्रीरामचन्द्रजी से अपनी भूल की क्षमा माँगी। श्रीरामचन्द्रजी बड़े शान्त-स्वभाव थे। सुग्रीव से बोले—

तब रघुपति बोले मुसकाई।
तुम प्रिय मोहिं भरत जिमि भाई॥
अब सोइ जतन करहु मन लाई।
जेहि बिधि सीता की सुधि पाई॥

अब सुग्रीव ने बहुत जल्द अपने बन्दरों को बुलाकर उनसे कह दिया कि—

जनकसुता कहँ खोजहु जाई।
मास दिवस महँ आयहु भाई॥
अवधि मेटि जो बिन सुधि पाये।
अवशि मरिहि सो मम कर आये॥

अपने स्वामी की आज्ञा पाते ही सब बन्दर सीताजी की खोज करने के लिए जहाँ तहाँ चले गये। अब सुग्रीव ने अङ्गद, हनुमान्, नल, नील और जाम्बवान् आदि महा बुद्धिमान् और महाबलवान् कुछ बन्दरों को बुलाया और

उनको दक्षिण दिशा में जाने की आज्ञा दी। जब वे चलने को हुए तब श्रीरामचन्द्रजी ने उन सब में बुद्धिमान् हनुमान्जी को अपने हाथ की एक अँगूठी (जिस पर "राम" नाम खुदा हुआ था) देकर कहा कि जब तुम्हें कहीं सीता जी मिलें तब इस अँगूठी को हमारी पहिचान के लिए उनको दे देना। हनुमान् जी अँगूठी को लेकर और मन में प्रसन्न होकर अङ्गद आदि के साथ दक्षिण दिशा को चल दिये।

इस तरह सीताजी की खोज में फिरते फिराते दक्षिणी समुद्र का किनारा आ गया। यहाँ पहुँच कर इनको बहुत संदेह हुआ और सोचने लगे कि राजा सुग्रीव ने हमको सीताजी की सुधि लाने के लिए एक महीने का समय दिया था; उसके पूरा होने में अब थोड़े ही दिन बाक़ी रहे हैं। सीताजी का कुछ पता नहीं मिलता कि कहाँ हैं। जो उनका बिना पता लगाये हम लोग लौट जायँ तो राजा हमको मार डालेगा।

जब ये समुद्र के किनारे इस तरह नाना प्रकार के सोच कर रहे थे तब यहाँ इनकी जटायु के भाई वृद्ध सपाति से भेंट हुई। संपाति ने इनको धीरज दिलाकर समझा दिया कि घबराओ मत, सीताजी जीती जागती हैं। इसी समुद्र के परले किनारे पर लङ्का नाम की एक राक्षसों की पुरी है। वहाँ का राजा बड़ा बली है। रावण उसका नाम है। सीताजी को वही चुरा कर ले गया है। इस समय सीताजी अशोकवाटिका में रहती हैं। जो इस

समुद्र के पार जा सकेगा वही सीता जी की खबर लावेगा। इतना कह कर वह संपाति तो चला गया। अब आपस में समुद्र के पार जाने का विचार करने लगे। समुद्र फाँदने के लिए किसी की हिम्मत न पड़ी। सब चुपके होगये। पर अङ्गद ने कहा कि मैं समुद्र को कूद तो जाऊँगा पर मुझे लौटने में संदेह है। इस तरह जब किसी की हिम्मत समुद्र कूदने की न देखी तब जाम्बवान् ने हनुमान्जी को उनका बल याद दिलाया तो हनुमान्जी भी अपने बल को याद करके जोश में भर गये। इन्होंने उस समय अपना शरीर इतना बढ़ाया कि देखने में ऐसे मालूम होते थे जैसे कोई पर्वत हो। हनुमान् जी ने फाँदते समय जाम्बवान् से कहा—

> जाम्बवंत मैं पूछौं तोहीं।
> उचित सिखावन दीजै मोही॥

जाम्बवान् ने कहा

> इतना करहु तात तुम जाई।
> सीतहिं देख कहौ सुधि आई॥

भवभेषज रघुनाथ यश, सुनै जो नर अरु नारि।
तिन कर सकल मनोरथ, सिद्ध करहि त्रिपुरारि॥

सुन्दर-काण्ड

इस काण्ड में—हनुमान्‌जी का समुद्र को लाँघना, लङ्का में पहुँच कर विभीषण और हनुमान् का संवाद, जानकी से हनुमान् की बातचीत, अशोकवाटिका का विध्वंस, राक्षसों से युद्ध, रावण-हनुमान् का संवाद, लङ्का-दहन रामचन्द्रजी को सीता का समाचार सुनाना, युद्धार्थ सेना का प्रस्थान, इत्यादि बातों का वर्णन है।

इस प्रकार ज्योंही हनुमान्‌जी, रामचन्द्रजी को याद करके समुद्र के उत्तरी किनारे के एक पर्वत पर चढ़ कर समुद्र के पार जाने के लिए, बड़े ज़ोर से ऊपर को उड़े, त्योंही वह पर्वत उनके बोझ से पृथ्वी के भीतर धँस गया। वे इतने वेग से उड़े कि कितने ही वृक्ष उनके पीछे पीछे दूर तक उड़े हुए चले गये। जिस समय महावीर हनुमान् पवन के समान आकाश में उड़े हुए जा रहे थे उस समय रास्ते में उनको कई बड़ी बड़ी

कर बड़ा आनन्द हुआ। हनुमान् ने अपना लङ्का में आने का कुल हाल कह सुनाया। फिर विभीषण ने हनुमान् को सीताजी के रहने का सब पता बता दिया।

अब हनुमान् विभीषण से विदा होकर, सीताजी के दर्शन के लिए अशोकवाटिका को चल दिये। वहाँ राक्षसियों के बीच में सीताजी को बैठी हुई देख कर हनुमान् ने उनको अपने मन ही मन में प्रणाम किया। उस समय सीताजी का शरीर दुबला हो रहा था। वे रात-दिन श्रीरामचन्द्रजी को ही याद किया करती थीं। इस समय भी वे श्रीरामचन्द्रजी को याद कर रही थीं। ऐसी दुबली पतली और दीन सीताजी को देखकर हनुमान् को बड़ा दुःख हुआ। वे सोचने लगे कि सीताजी का पता तो लग गया, पर अब करना क्या चाहिए?

इतने ही में हनुमान् ने क्या देखा कि बहुत सी स्त्रियों को साथ लिये हुए रावण सीताजी की ओर आ रहा है। हनुमान् भी झट रावण को आता देख, एक वृक्ष पर चढ़ कर पत्तों में छिप कर बैठ गये। उसी अशोक वृक्ष के नीचे सीता जी बैठी थीं।

रावण ने आकर सीताजी को बहुत फुसलाना चाहा, पर वे काहे को उस अधर्मी की बातों में आने वाली थीं। रावण ने उनको लोभ से, क्रोध से, डर से, सभी तरह से समझाया, पर वे बराबर यही कहती रहीं कि चाहे प्राण ही प्राण क्यों न चले जायँ, पर हम धर्म को कभी न छोड़ेंगी।

जब रावण सब कुछ करके हार गया तब उसने राक्षसियों को हुक्म दिया कि देखो, सीता को समझाओ और कह दो कि जो आज से एक महीने के भीतर भीतर हमारा कहना न मानेगी तो हम उसको ज़रूर मार डालेंगे। इतना कह कर रावण अपने महल को चला गया।

रावण के जाते ही सब राक्षसी तरह तरह की विकट और डरावनी सूरत बना बना कर सीताजी को डराने लगीं। उनमें एक त्रिजटा नाम की राक्षसी कुछ समझदार थी। वह औरों की तरह खोटे स्वभाव की न थी। वह सब राक्षसियों को बुलाकर कहने लगी कि बहनो! अब तुम सीताजी को मत डराओ। जो तुम अपना भला चाहती हो तो इनकी टहल करो। इनसे क्षमा माँगो। मैंने आज रात को एक बड़ा बुरा सपना देखा है। मुझे तो ऐसा मालूम होता है कि अब रावण का जल्द नाश होगा और सीताजी को श्रीरामचन्द्रजी ले जायँगे।

सीताजी के मन में रावण की बात याद करके बड़ा दुःख हो रहा था। वे सोच रही थीं कि—

मास दिवस बीते मोहि मारिहि निशिचर पोच।

इस तरह सीताजी बहुत दुःखी होकर त्रिजटा से हाथ जोड़ कर बोलीं कि हे माता, अब मुझसे विरह का दुःख सहा नहीं जाता। तुम लकड़ी लाकर चिता बना दो तो मैं उसमें बैठ जाऊँ। तुम उसमें आग लगा देना। यह सुन कर त्रिजटा ने सीताजी को बहुत समझाया और कहा कि मैं अब रात में आग कहाँ से लाऊँ।

कर बड़ा आनन्द हुआ। हनुमान् ने अपना लङ्का में आने का कुल हाल कह सुनाया। फिर विभीषण ने हनुमान् को सीताजी के रहने का सब पता बता दिया।

अब हनुमान् विभीषण से विदा होकर, सीताजी के दर्शन के लिए अशोकवाटिका को चल दिये। वहाँ राक्षसियों के बीच में सीताजी को बैठी हुई देख कर हनुमान् ने उनको अपने मन ही मन में प्रणाम किया। उस समय सीताजी का शरीर दुबला हो रहा था। वे रात-दिन श्रीरामचन्द्रजी को ही याद किया करती थीं। इस समय भी वे श्रीरामचन्द्रजी को याद कर रही थीं। ऐसी दुबली पतली और दीन सीताजी को देखकर हनुमान् को बड़ा दुःख हुआ। वे सोचने लगे कि सीताजी का पता तो लग गया, पर अब करना क्या चाहिए?

इतने ही में हनुमान् ने क्या देखा कि बहुत सी स्त्रियों को साथ लिये हुए रावण सीताजी की ओर आ रहा है। हनुमान् भी झट रावण को आता देख, एक वृक्ष पर चढ़ कर पत्तों में छिप कर बैठ गये। उसी अशोक वृक्ष के नीचे सीता जी बैठी थी।

रावण ने आकर सीताजी को बहुत फुसलाना चाहा, पर वे काहे को उस अधर्मी की बातों में आने वाली थीं। रावण ने उनको लोभ से, क्रोध से, डर से, सभी तरह से समझाया, पर वे बराबर यही कहती रहीं कि चाहे आज ही प्राण क्यों न चले जायँ, पर हम धर्म को कभी न छोड़ेंगी।

मातु मोहि दीजै कछु चीन्हा।
जैसे रघुनायक मोहि दीन्हा॥
चूड़ामणि उतार तब दीन्हा।
हर्ष समेत पवनसुत लीन्हा॥

फिर सीताजी ने कहा—

कहेउ तात ! अस मोर प्रणामा।
सब प्रकार प्रभु पूरण कामा॥
दीनदयाल बिरद सँभारी।
हरहु नाथ मम संकट भारी॥
मास दिवस महँ नाथ न आवहिँ।
तौ पुनि मोहिँ जियत नहिँ पावहिँ॥
तुमहि देखि शीतल भइ छाती।
पुनि मोकहँ सोइ दिन सोइ राती।

जनकसुतहि समुझाय करि, बहुविधि धीरज दीन्ह।
चरणकमल सिर नाइ करि, गमन राम पहँ कीन्ह॥

सीताजी से विदा होकर हनुमान् समुद्र को लाँघ कर जहाँ अङ्गद आदि बन्दर इनकी बाट में बैठे थे वहाँ आ पहुँचे। इन्होंने उनसे सीताजी के दर्शन और लङ्का जलाने का सब हाल कहा। सबके सब बड़े प्रसन्न हुए। सबने हनुमान्‌जी की बहुत बड़ाई की।

अब हनुमान्‌जी सब बन्दरों को साथ लेकर श्रीरामचन्द्रजी के पास पहुँचे। दूर ही से श्रीरामचन्द्रजी हनुमान्‌जी को प्रसन्न-चित्त देख कर मनमें बड़े प्रसन्न हुए।

समझा। फिर रावण ने यह समझ कर कि बन्दरों को अपनी पूँछ बड़ी प्यारी होती है, उनकी पूँछ में आग लगाने की आज्ञा दे दी। राक्षसों ने उनकी पूँछ पर बहुत से कपड़े लपेटे। जब वे कपड़ा लपेट चुके तब इनकी पूँछ में आग लगा दी गई। अब हनुमान्‌जी ने अपनी जलती हुई पूँछ को उठा कर चारों ओर को घुमाया तो जितने राक्षस उस समय दरबार में बैठे थे उन सबके कपड़े जल गये और अपनी दाढ़ी-मूँछों की आग बुझाते हुए जहाँ तहाँ को भागने लगे। कोई इधर गया कोई उधर। जहाँ जिसे मौक़ा मिला वह वहीं भाग निकला।

अब हनुमान्‌जी भी उस मशाल सी जलती हुई पूँछ को उठाये हुए लगे सारी लङ्का में फिरने। जिधर वे जाते थे उधर ही हाहाकार मच जाता था। यहाँ तक कि इन्होंने विभीषण के घर और अशोकवाटिका को छोड़ कर सारी लङ्का के बड़े बड़े सजे हुए सब मकान जला दिये। अब किसी राक्षस की ताक़त नहीं कि इनको पकड़े।

इस तरह लङ्का जलाकर इन्होंने झट समुद्र के किनारे जाकर उसमें अपनी पूँछ बुझाई। पूँछ में आग लगने से इनको कुछ तकलीफ़ नहीं हुई।

पूँछ बुझाने के बाद फिर हनुमान् सीताजी के पास आये। हाथ जोड़ कर प्रणाम करके उनके सामने खड़े होकर हनुमान्‌जी कहने लगे—

लंका-(युद्ध)-काण्ड

इस काण्ड में—समुद्र का पुल बाँधना, लङ्का पर चढ़ाई, मेघनाद-युद्ध, और उसका वध, कुम्भकर्ण-वध, राक्षसों का घोर युद्ध, रावण का वध, विभीषण को लङ्का का राज्यतिलक, सीतामिलाप, पुष्पक-विमान में बैठ कर अयोध्या को लौटना, इत्यादि बातों का वर्णन है।

अब नल और नील आदि बन्दरों ने बहुत जल्द समुद्र का पुल बना दिया और सब उस पुल पर हो कर पार पहुँच गये। लङ्का के पास ही इनकी सारी सेना आ टिकी। खुशी के मारे बन्दर वृक्षों पर चढ़ चढ़ कर उनको खूब हिलाते थे। एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर खूब कूद फाँद करते थे। बन्दरों की बहुत बड़ी सेना के शोर गुल को सुन कर राक्षसों ने रावण के पास खबर कर दी कि श्रीराम चन्द्रजी बहुत से बलवान् बन्दरों की सेना लेकर लङ्का पर चढ़ाई करने को आ पहुँचे हैं।

श्रीरामचन्द्रजी ने प्रतिज्ञा कर ली कि हम दुष्ट रावण को मार कर लङ्का का राज तुमको देंगे।

सकल सुमंगल दायक, रघुनायक गुणगान।
सादर सुनहिं, ते तरहिं, भव-सिंधु बिना जलयान॥

यह मेघनाद ऐसा वैसा वीर था। वह बड़ा ही भयङ्कर लड़ने वाला था। उसमें बल भी अतोल था। उसने अपने पैने बाणों से बहुत से बन्दरों को मार गिराया।

जब लक्ष्मणजी ने देखा कि हमारे बहुत से बन्दर उसने मार दिये, तब उनको बड़ा क्रोध आया। मारे गुस्से के उनकी आँखें लाल हो गई। होठ फड़फड़ाने लगे। सावधान होकर धनुष की टंकार से सब दिशाओं को गुञ्जारते हुए मेघनाद की ओर आये। मेघनाद भी यह कहता हुआ इनकी ओर आ रहा था कि—

कहँ कोशलाधीश दोउ भ्राता।
धन्वी सकल लोक विख्याता॥
कहँ नल,नील,द्विविद,सुग्रीवा।
कहँ अङ्गद हनुमत बल सींवा॥
कहाँ विभीषण भ्राता-द्रोही।
आजु शठहि हठि मारउँ ओही॥

अब लक्ष्मण और मेघनाद की लड़ाई होने लगी। दोनों ही बड़े वीर थे। मेघनाद के पैने तीरों ने लक्ष्मण का शरीर बींध दिया। इनका सारा शरीर लोहुलुहान हो गया। क्रोध में भर कर इन्होंने भी मेघनाद को मारना शुरू किया। मेघनाद भी इतना विकल हो गया कि उसे अपने तन की भी सुध बुध न रही। अब लक्ष्मण ने मेघनाद के सारथी और घोड़ों को मार गिराया। मारे तीरों के रथ का चूरा चूरा कर दिया। अब मेघनाद अकेला रह गया।

सेना रात भर बड़े आनन्द में सोई। सबेरा हुआ तो श्रीरामचन्द्रजी ने सुग्रीव, अङ्गद, हनुमान, जाम्बवान आदि बड़े बड़े बुद्धिमान, बलवान और अच्छी सलाह देने वाले बन्दरों को अपने पास बुला कर कहा कि बोलो, अब क्या करना चाहिए?

विचार करने के बाद यह ठहरा कि अङ्गद को लङ्का में रावण के पास भेजा जाय। वे रावण को पहले समझावें और उसका सब भेद जान लें। तब पीछे, न माने तो, लड़ाई की तैयारी हो।

अङ्गद लङ्का में गये और दर्बार में बैठे हुए रावण से बहुत सी समझाने की बातें कहीं, पर रावण ने इनको भी आड़े हाथों लिया। लाचार वे लौट आये और आकर सब हाल श्रीरामचन्द्रजी से सुना दिया। अब सब की यही सलाह ठहरी कि यह दुष्ट बिना लड़ाई के सीताजी को नहीं देगा।

अब लड़ाई की तैयारियाँ होने लगीं। मोर्चाबन्दी से लङ्का के चारों दरवाज़ों पर बानरों की सेना आ डटी। जो राक्षस दरवाज़े पर आता, बन्दर उसे झट मार डालते। इस तरह सारी लङ्का में हाहाकार मच गया। रावण तक खबर पहुँची। रावण ने बहुत सी सेना बन्दरों से लड़ने को भेजी पर वह सब मारी गई।

जब रावण ने देखा कि हमारे बहुत से बड़े बड़े वीर सेनापति मारे गये तब उसको बड़ा गुस्सा आया। उसने अपने शूरवीर बेटे मेघनाद को लड़ाई के लिए भेजा।

कर श्रीरामचन्द्रजी ने उनसे कहा कि प्यारे वीर हनुमान् सिवा तुम्हारे और कौन है जो इस काम को कर सके। इस काम के करने में केवल तुम ही समर्थ हो। इतना सुनते ही हनुमान् जड़ी लेने के लिए उत्तर दिशा की ओर चल दिये।

पर्वत पर पहुँच कर उन्होंने देखा कि यहाँ तो एकही तरह की अनेक जड़ियाँ हैं। वैद्य अपने आप ही देखकर संजीवनी जड़ी ले लेगा। यह सोच कर उस जड़ी वाले पर्वत के टुकड़े को उठा कर ले चले।

उधर मूर्च्छित लक्ष्मणजी के पास बैठे हुए श्रीरामचन्द्रजी की क्या दशा हो रही थी ज़रा उसे भी सुन लीजिए—

उहाँ राम लछमनहिं निहारी।
बोले बचन मनुज अनुहारी॥
अर्ध राति गइ कपि नहि आवा।
राम उठाइ अनुज उर लावा॥
सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ।
बन्धु सदा तव मृदुल सुभाऊ॥
मम हित लागि तजेउ पितु माता।
सहेउ बिपिन हिम आतप बाता॥
सो अनुराग कहाँ अब भाई।
उठहु बिलोकि मोरि बिकलाई॥
जो जनतेउँ बन बन्धु-बिछोहू।
पिता-बचन नहि मनतेउँ ओहू॥

जब मेघनाद ने देखा कि यह तो मुझे थोड़ी देर में मार ही डालेगा। तब उसने इनके वीरघातिनी शक्ति मारी। यह शक्ति लक्ष्मण के कलेजे को पार करके कुछ धरती में भी धँस गई। लक्ष्मण अचेत हो धरती पर गिर पड़े।

जब संध्या हुई और युद्ध बन्द हुआ तब श्रीरामचन्द्रजी ने लक्ष्मण को न देखकर बहुत तड़फड़ा कर हनुमान् से कहा कि लक्ष्मण कहाँ हैं ? लक्ष्मण वहाँ कहाँ थे। वे तो शक्ति के लगते ही धरती पर अचेत पड़े थे। हनुमान् ने वहाँ से उनको लाकर श्रीरामचन्द्रजी के आगे रख दिया। श्रीरामचन्द्रजी को अपने प्यारे भाई की ऐसी दशा देख कर बड़ा शोक हुआ। जाम्बवान् के कहने से लङ्का में रहने वाले सुषेण वैद्य के बुलाने को हनुमान्जी गये। वे वहाँ जाकर बड़े आदर से वैद्य को बुला लाये।

वैद्य ने लक्ष्मण को देख कर कहा कि एक जड़ी हिमालय पर्वत पर है। वह लाई जाय तो उससे इनके प्राण बचें। नहीं तो सवेरा होते ही फिर ये किसी तरह भी नहीं जी सकते।

